आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच

चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

वर्ष : 26 | अंक : 107 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 09 अप्रैल, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

### प्रथम शैलपुत्री



चैत्र नवरात्र वृत का प्रथम दिन है। चैत्र नवरात्र की प्रथम अराध्य देवी माता शैलपुत्री है। माता का यह रूप अनेकानेक नामों से प्रसिद्ध है। सती, पार्वती, दुर्गा, उमा, अर्पणा, गौरी, महेश्वरी, शिवांगी, शुभांगी, पर्वतवासिनी। पूर्व जन्म में इनके पिता राजा दक्ष थे। राजा दक्ष ने प्रजेश होने पर यज्ञ किया परन्तु दामाद शिव को निमंत्रित नहीं किया। सती भगवान शंकर की स्वीकृति के बिना पिता के घर चली गईं। यज्ञ स्थल पर अपने तिरस्कार एवं शिव का आसन न देखकर कुपित सती यज्ञाग्नि में कूद पड़ी। उधर शिव की समाधि भंग हुई तो उन्होंने वीरभद्र नामक गण को यज्ञ स्थल पर भेजा। वीरभद्र ने यज्ञशाला का विध्वंस किया और सती के जलते शरीर को लेकर चल पड़ा। धरती पर सती के अंग जिस-जिस स्थान पर गिरे वहां-वहां पर शक्तिपीठ स्थपित हो गया। सती का अगला जन्म शैलराज की पुत्री पार्वती के रूप में हुआ। घोर तपस्या के बाद शिव ने उनका वरण किया। पर्वत राज की पुत्री होने के कारण माता के इस प्रथम रूप का नाम शैलपुत्री पड़ा।

**उपासना मंत्र**

**या देवी सर्व भूतेशु, प्रकृति रूपेण संस्थिता,नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।**

# विपक्ष ने किया श्रीराम का अपमान : मोदी


## पीलीभीत में विपक्ष पर गरजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

**पीलीभीत ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस व विपक्ष पर कई बड़े हमले बोले। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व विपक्ष को राम मंदिर के निर्माण से कल भी नफरत थी और आज भी नफरत है। विपक्ष ने भगवान श्रीराम का अपमान किया है।

पीलीभीत में आज प्रधानमंत्री ने चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पीलीभीत से इस बार जितिन प्रसाद भाजपा के प्रत्याशी हैं। चुनाव सभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आज नव वर्ष मनाया जा रहा है, पहला दिन है। आज से नवरात्र भी शुरू हो गया, शक्ति की उपासना हो रही है। ऐसे समय में इतनी बड़ी रैली अपने आप में अजूबा है। शक्ति स्वरूपा माताएं, बेटियां हमें आशीर्वाद दे रही हैं।

पीएम ने कहा, सारी दुनिया की मुश्किलों के बीच भारत आज दिखा रहा है कि उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। कभी कांग्रेस सरकारें दुनिया से मदद मांगती थीं, लेकिन कोरोना के महासंकट में भारत ने पूरी दुनिया में दवाइयां और वैक्सीन भेजी। दुनिया में कहीं भी युद्ध का संकट आया, हम एक-एक भारतीय को सुरक्षित वापस लाए। अफगानिस्तान से गुरु ग्रंथ साहिब के ग्रंथों को पूरी श्रद्धा से भारत लाए और ये सब आपके एक वोट की ताकत से हुआ है।

पीएम मोदी ने कहा कि यूरिया की जो बोरी दुनिया में 3 हजार रुपए में बिकती है, वो हमारी सरकार सिर्फ 300 रुपए से भी कम कीमत पर किसानों को देती है. यूपी के किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि के तहत करीब 70 हजार



करोड़ रुपए भी मिले हैं. यह आंकड़ा छोटा नहीं है और इसमें से करीब 8,50 करोड़ रुपए पीलीभीत के किसानों के बैंक खाते में पहुंचे हैं.

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ने दिखा दिया कि भारत किसी से कम नहीं है... जब नीयत सही होती है और हौसले बुलंद होते हैं तब नतीजे भी सही मिलते हैं। आज हम चारों तरफ विकसित भारत का निर्माण होते देख रहे हैं। कहीं चार, छह और आठ लेन के हाइवे बन रहे हैं, कहीं वंदे भारत और अमृत भारत जैसी आधुनिक ट्रेन चल रही हैं... पुरानी सरकारों दे दौरान जो फैक्ट्रियां यहां बंद हो गई थी उन्हें भी नई ऊर्जा मिली है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इनको (विपक्ष) राम मंदिर के निर्माण से कल भी नफरत थी और आज भी नफरत है. कांग्रेस ने प्राण प्रतिष्ठा का न्योता मिलने के बाद भी उसका बायकॉट किया. इतना ही नहीं कांग्रेस के जिन नेताओं ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समर्थन किया, उन्हें 6 साल के लिए पार्टी से निकाल दिया।

**लोकसभा चुनाव दूसरा चरण**

## उत्तर प्रदेश की आठ लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे 91 प्रत्याशी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गयी है। 26 अप्रैल 2024 को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए मतदान होगा। 12 राज्यों व एक केन्द्र शासित प्रदेश की लोकसभा सीटों पर दूसरे चरण में कुल 1210 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे।

लोकसभा चुनाव-2024 का पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। पहले चरण में 21 राज्यों में मतदान होगा। पहले चरण में 1625 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं जिनमें 1491 पुरूष तथा 134 महिला प्रत्याशी हैं। लोकसभा चुनाव का दूसरा चरण 26 अप्रैल को होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 8 अप्रैल को नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि थी। चुनाव आयोग के ज्वाइंट डायरेक्टर मीडिया अनुज चंदोक ने प्रेस को जारी बयान में बताया कि दूसरे चरण में 1210 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। दूसरे चरण के लिए 20633 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर दूसरे चरण में होने वाले मतदान के लिए 226 नामांकन दाखिल किए गए थे। जिनमें 94 नामांकन सही पाए गए। 8 अप्रैल तक तीन लोगों ने अपना नामांकन वापस ले लिया जिसके बाद उत्तर प्रदेश

**कर्नाटक में सबसे ज्यादा प्रत्याशी मैदान में**



में 8 लोकसभा सीटों पर 91 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे। इसके अलावा असम में 61, बिहार में 50, छत्तीसगढ़ में 41, जम्मू-कश्मीर में 22, कर्नाटक में 247, केरला में 194, मध्य प्रदेश में 88, महाराष्ट्र में 204, राजस्थान में 152, त्रिपुरा में 09 तथा वेस्ट बंगाल में 47 प्रत्याशी चुनाव मैदान में होंगे।

## लिव-इन पार्टनर से झगड़े के बाद युवक ने लगाई फांसी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट में स्थित गौर सिटी सोसाइटी में रह रहे एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक युवक ग्रेटर नोएडा में एक युवती के साथ लिव इन में रह रहा था।

दरअसल उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी सोसाइटी की पांचवी एवेन्यू के जे टावर में रहने वाले प्रशांत पांडे नामक युवक ने आत्महत्या कर ली। गौर सिटी सोसाइटी की पांचवी एवेन्यू में जे टावर के फ्लैट नंबर 581 में रहने वाले प्रशांत पांडे एक



युवती के साथ लिव-इन में रहते थे।

मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह प्रशांत पांडे का लिव इन में रहने वाली युवती के साथ झगड़ा हो गया था। उसके बाद युवक ने अपनी जान दे दी। प्रथम दृष्टया जांच के दौरान पता चला है कि प्रशांत जे टावर में रहते थे। सुबह उनका जब युवती से विवाद हुआ था तो युवती टावर गार्ड से कह कर गई थी कि प्रशांत जान देने की धमकी दे रहा है। इसके बाद किसी ने इसका संज्ञान नहीं लिया। देर रात लोगों को पता चला कि युवक ने अपनी जान दे दी है। उसका शव फ्लैट में ही पंख से लटकता हुआ मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

इस मामले को लेकर बिसरख कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि युवक एक निजी फैक्ट्री में नौकरी करता था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## सर्वोत्तम बिल्डर की जालसाजी में फंसा, लाखों गंवाए

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा ग्रेटर नोएडा में कथित बिल्डरों से सस्ती दरों पर प्लॉट खरीद कर अपना आशियाना बनाने का सपना देखने वाले लोग ठगी का शिकार हो रहे हैं। कथित बिल्डर लोगों की मेहनत की कमाई को हड़प कर रहे हैं ऐसा ही एक मामला थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में आया है यहां बिना जमीन के ही जालसाजों ने प्लॉट देने का झांसा




देकर एक व्यक्ति से 5 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

ग्राम बोड़ाकी निवासी बलराम सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि अपने गांव के पास सर्वोत्तम मेगा पॉलिश प्रोजेक्ट का प्रचार प्रसार देखकर वह 14 जून 2023 को बिल्डर के सेक्टर-142 स्थित ऑफिस पहुंचा वहां पर उसे सर्वोत्तम मेगापोलिस असल हाईटेक टाउनशिप लिमिटेड के सीईओ आशीष शर्मा मिले। उन्होंने वहां उपस्थित कंपनी के मालिक शहजाद अहमद, विकास जैन, ऋषभ जैन, अनिल जैन व भुवनेश चौहान से मिलवाया। इन लोगों ने उसे सर्वोत्तम मेगा पॉलिश प्रोजेक्ट की रोचक व भ्रामक जानकारियां दें तथा कम रेट पर भुगतान करने पर तुरंत प्लॉट का (शेष पृष्ठ-3 पर)

## आलू के बोरों के पीछे छुपाई थी नकली तंबाकू की बड़ी खेप

**नोएडा ( चेतना मंच )।** दक्षिण भारत राज्य कर्नाटक व केरल में नकली तंबाकू सप्लाई करने वाले एक बड़े गिरोह को नोएडा पुलिस ने पकड़ा है। गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट ने इस गिरोह के 6 सदस्यों को गिरफ्तार कर करीब एक करोड रुपए मूल्य का नकली तंबाकू बरामद किया है। गिरोह के सदस्यों ने चेकिंग के दौरान पुलिस को चकमा देने के लिए आलू के बोरों के पीछे नामी कंपनी की नकली तंबाकू के बोरे छुपा रखे थे।

डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना सेक्टर 126 पुलिस ग्राम गढ़ी शाहपुर के

**• नकली हंस तंबाकू कर्नाटक व केरल में किया जाना था सप्लाई**

पास मुखबिर ने सूचना दी कि कर्नाटक नंबर के एक ट्रक में दिल्ली से नकली तंबाकू लाद कर लाया जा रहा है। इस दौरान क्राइम रिस्पांस टीम सीआरटी मौके पर पहुंच गई। थाना पुलिस तथा सीआरटी की टीम ने पुस्ता रोड जेपी कट के पास जाल बिछा दिया। कुछ देर बाद ओखला की तरफ से आ रही एक अर्टिगा कार व ट्रक को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर कार व ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने दोनों वाहनों को रुकवा लिया। ट्रक की तलाशी लेने पर उसमें आलू से भरे हुए बोरे लदे हुए दिखाई दिए। पुलिस ने जब गहनता से जांच की तो आलू के बोरों के नीचे तंबाकू के पैकेट बरामद हुए। ट्रक से बरामद बोरों में हंस छाप तंबाकू के पैकेट भरे हुए थे। ट्रक में प्लास्टिक के 138 बोरों से 8418 किलोग्राम नकली तंबाकू बरामद हुआ।

पुलिस ने कार चालक मनोज सरोज पुत्र लाल चंद्र, रमेश भट्टी पुत्र परमानंद तथा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ईनामी लुटेरा गिरफ्तार

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर 20 पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे एक शामिल लुटेरे को गिरफ्तार किया है इसके पास से तमंचा कारतूस बरामद हुए हैं पकड़े गए बदमाश पर 15 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। थाना प्रभारी डीपी शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर सेक्टर 29 स्थित ब्रह्मपुत्र मार्केट के पास से निशांत पुत्र नरेश कुमार निवासी झज्जर हरियाणा को गिरफ्तार किया गया पकड़ा गया निशांत हाल में दिल्ली के कल्याणपुरी में रह रहा है इसके पास से एक तमंचा (शेष पृष्ठ-3 पर)

## परचून की दुकान से ड्राईफ्रूट, घी व चावल चोरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना बादलपुर क्षेत्र के खेड़ा धर्मपुरा में चोरों ने परचून के सामान की एक दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर यहां से लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई।

ग्राम खेड़ा धर्मपुरा निवासी पवन कुमार मणि ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव में ही पवन ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है। बीते 26, 27 मार्च की रात्रि को चोरों ने उसकी दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। 27 मार्च की सुबह उसका कर्मचारी दुकान पर पहुंचा तो उसे बेसमेंट के पीछे का रोशनदान टूटा हुआ मिला। उसने फोन कर इसकी सूचना उसे दी। पवन कुमार के मुताबिक उसकी दुकान के पीछे जीके पेंट का वेयर हाउस है।

चोरों ने इसमें भी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। उसकी दुकान से लाखों रुपए मूल्य के बादाम, काजू, अखरोट, मुनक्का, लौंग, इलाइची, चावल, देसी घी आदि को चोरी कर ले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उपलब्ध कराई गई सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश का प्रयास कर रही है।

RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

## मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड़

### स्मैक, गांजा व शराब के साथ 5 गिरफ्तार


**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत मादक पदार्थ के तस्करों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने अलग अलग स्थानों से मादक पदार्थों के पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से स्मैक, गांजा व शराब बरामद हुई है।

थाना कासना पुलिस ने चेकिंग के दौरान डाढा गांव के पास से संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। तलाशी में इसके पास से 14.67 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम योगेंद्र उर्फ छोटे पुत्र जगपाल सिंह निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा बताया। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह स्मैक बेचकर अपना खर्च चलता है।

थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने लॉयड कॉलेज के पास से कुशलपाल पुत्र सॉवरन सिंह निवासी रोशन विहार यमुना पार जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। कुशलपाल के बैग से 7 किलो गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह निर्माणाधीन साईटों के मजदूर तथा युवाओं को गांजे की बिक्री करता है।

इसी थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एक्सपो मार्ट के पास से बवन महतो पुत्र शिवाजी महतो निवासी बिहार को गिरफ्तार किया। इसके पास से 100 लीटर देसी शराब बरामद हुई। पकड़े गए बवन महतो ने बताया कि वह शराब के ठेकों से शराब खरीद कर उसे प्लास्टिक की कट्टियों में भर (शेष पृष्ठ-3 पर)

## 13 को नोएडा स्टेडियम में चुनावी हुंकार भरेंगे अमित शाह!



• अरुण सिन्हा

**नोएडा।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी व सांसद डा. महेश शर्मा के पक्ष में प्रचार के लिए देश के गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह नोएडा में रैली करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी नोएडा महानगर के जिला अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दी।

उन्होंने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह 13 अप्रैल को सायं करीब 5.00 बजे नोएडा स्टेडियम आएंगे। यहां पर वे एक चुनावी रैली को संबोधित करेंगे तथा डा. महेश शर्मा के पक्ष में मतदान की अपील भी करेंगे। मनोज गुप्ता ने बताया कि इस रैली में लाखों कार्यकर्ताओं व आम नागरिकों के आने की उम्मीद है। रैली को सफल बनाने के लिए महानगर की पूरी टीम अभी से तैयारियों में जुट गयी है। इस रैली में भाजपा के कई अन्य बड़े नेता तथा पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। चुनाव के मददेनजर अमित शाह की इस रैली को काफी अहम माना जा रहा है।

### सर्वाधिक लीड देगा नोएडा विधानसभा : मनोज गुप्ता

भाजपा के नोएडा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने चेतना मंच को बताया कि इस बार चुनाव में भाजपा प्रत्याशी डा. महेश शर्मा ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। इस जीत में सर्वाधिक लीड नोएडा विधानसभा क्षेत्र से ही मिलेगी। इसके लिए महानगर की पूरी टीम तथा प्रकोष्ठों, मंडलों व बूथों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तूफानी गति से प्रचार में जुटे हैं।



### इस बार जीत का आंकड़ा 5 लाख पार : पंकज सिंह

नोएडा विधानसभा क्षेत्र के विधायक तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह का कहना है कि डा. महेश शर्मा 5 लाख से अधिक मतों से जीत दर्ज करेंगे। एक न्यूज चैनल में साक्षात्कार के दौरान उन्होंने यह दावा किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जो कार्य किए है। तथा डा. महेश शर्मा ने उन कार्यों को जितनी तत्परता से धरातल पर उतारकर विकास कार्य कराये हैं। इसी आधार पर क्षेत्र की जनता डा. महेश शर्मा को रिकार्ड मतों से जितायेगी।






# सियासी रंग

पश्चिम बंगाल में आपराधिक घटनाओं को सियासी रंग देने का पुराना इतिहास रहा है। अब चाहे वहां वामपंथी शासन रहा हो, कांग्रेस का हो या अब तृणमूल कांग्रेस का हो। लेकिन शुरुआती सूचनाओं के हिसाब से जल्दबाजी में किसी निष्कर्ष तक पहुंचना ठीक नहीं है। निस्संदेह, आम चुनाव की तरफ बढ़ रहे देश में जांच एजेंसियों के एक पक्ष के खिलाफ कार्रवाई करने से उनकी निष्पक्षता पर प्रश्न उठना भी स्वाभाविक ही है। इससे जहां एजेंसियों की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है, वहीं देश की चुनाव प्रक्रिया पर भी आंच आती है। बहरहाल इस घटनाक्रम के विरोध में तृणमूल कांग्रेस के दस सांसदों ने सोमवार को दिल्ली स्थित चुनाव आयोग के मुख्यालय के बाहर धरना दिया। पुलिस बाद में सांसदों को जबरन उठाकर ले गई। लेकिन इसके बावजूद किसी मामले में जांच-पड़ताल को गई किसी एजेंसी के अधिकारियों पर हमला करना भी दुर्भाग्यपूर्ण कहा जाएगा। ऐसे मामले में भीड़ की अराजकता स्वीकार्य नहीं है। लेकिन एक बात तो तय है कि पश्चिम बंगाल के ईस्ट मेदिनीपुर क्षेत्र में शनिवार की सुबह एनआईए अधिकारियों पर हमले का निष्कर्ष है कि राज्य के तंत्र ने विगत के घटनाक्रम से कोई सीख नहीं ली। ध्यान रहे कि इस साल की शुरुआत में संदेशखाली प्रकरण में भी प्रवर्तन निदेशालय की टीम भीड़ के हमले का शिकार बनी थी। फिर इस मुद्दे पर जमकर राजनीति हुई थी। जाहिर है ऐसे घटनाक्रम राजनीति से इतर स्वतंत्र जांच की उम्मीद को खत्म करते हैं। निस्संदेह घटनाक्रम से जुड़े वास्तविक तथ्यों पर ध्यान दिया जाना चाहिए। यहां उल्लेखनीय है कि एनआईए यह जांच कलकत्ता हाईकोर्ट के कहने पर कर रही है। दरअसल, मामला साल 2022 में हुए एक बम धमाके से जुड़ा है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी। जिसकी जांच लंबे अर्से बाद उच्च न्यायालय द्वारा एनआईए को सौंपी गई। एजेंसियों ने पूछताछ के लिये आरोपियों को कई बार बुलाया था, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया। कहा जा रहा है कि एजेंसी ने यह कार्रवाई उचित नियमों के अनुरूप ही की है। बहरहाल, राजनीति से इतर हमें मानना होगा कि किसी मामले में केंद्रीय एजेंसी से जुड़े अधिकारियों पर हमला व कामकाज में अवरोध पैदा करना संघीय व्यवस्था के लिये घातक ही है। उल्लेखनीय है कि संदेशखाली में भी ईडी अधिकारियों पर हमला हुआ था। लेकिन राज्य सरकार ने मुख्य आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। तब भी उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में विवाद बढ़ते देख आरोपियों को तृणमूल कांग्रेस से निष्कासित किया गया था। आरोपी पार्टी का बाहुबली नेता था। घटनाक्रम से राज्य सरकार की कार्यशैली पर भी सवाल उठे थे। सवालिया निशान राज्य की कानून व्यवस्था व महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की अनदेखी पर भी उठे थे। वहीं राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर एजेंसियों द्वारा पार्टी के नेताओं को डराया जा रहा है। दूसरी ओर तृणमूल सुप्रीमो एनआईए द्वारा बम धमाके के आरोपी की गिरफ्तारी के लिये रात में जाने को लेकर सवाल उठा रही हैं। उनकी दलील है कि ग्रामीण रात को आने वाले अनजान व्यक्ति को देखकर आक्रामक हो जाते हैं। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या छापेमारी से पहले एनआईए ने स्थानीय पुलिस का सहयोग लिया था? या फिर राजनीतिक दबाव में काम कर रही स्थानीय पुलिस को सूचना देने से गोपनीयता भंग होने की आशंका से एनआईए ने छापे की पूर्व सूचना नहीं दी? दूसरी ओर एनआईए का कहना है कि सूचना दी गई थी लेकिन स्थानीय पुलिस का रवैया सहयोग करने वाला नहीं था। बताया जाता है कि जिस व्यक्ति को गिरफ्तार करने एनआईए गई थी वह तृणमूल कांग्रेस का नेता है। विगत में भी ममता बनर्जी अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के समर्थन में खुलकर मैदान में आ जाती हैं। यह विडंबना ही है कि तृणमूल कांग्रेस व भाजपा नेताओं के बीच जारी टसल के चलते केंद्र व राज्य के संबंधों में तनाव की स्थिति बन रही है। साथ ही केंद्रीय जांच एजेंसियों की विश्वसनीयता पर आंच आ रही है।

# मोदी की गारंटी बनाम कांग्रेस का न्याय

लोकसभा चुनाव की तैयारी के बीच सभी राजनीतिक दल अपने अस्तित्व को प्रभावी बनाने के उद्देश्य को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं। इतना ही नहीं विपक्षी राजनीतिक दल केवल वर्तमान सत्ताधारी दल के विरोध पर ही अपना पूरा फोकस करते हुए चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा एक बड़ी बात यह भी है कि भाजपा ने जहां मोदी की गारंटी को प्रमुख हथियार बनाकर अपने मन में विश्वास बनाया है, वहीं अब कांग्रेस भी इसका अनुसरण करने की नीति अपना रही है। भाजपा की ओर से मोदी की गारंटी के बाद कांग्रेस के राहुल गांधी अपनी पार्टी की 25 गारंटी जनता के सामने लाए हैं। इसके साथ ही कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम देकर एक नई राह बनाने का काम किया है। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव भी कांग्रेस ने न्याय देने के वादे पर ही लड़ा था, लेकिन अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हुए। हम जानते हैं कि भाजपा ने 2014 के चुनाव में भारत के चाय वालों के साथ गहरा संबंध स्थापित किया था, इसी प्रकार 2019 के चुनाव में कांग्रेस के चौक़ीदार चोर है के जवाब में मैं भी चौक़ीदार का नारा देकर गरीब तबके को अपने साथ जोड़ा था। इस चुनाव में मोदी की गारंटी भाजपा का नारा है। कांग्रेस ने भी गारंटी देने का वादा किया है, लेकिन जनता किसकी गारंटी को स्वीकार करती है, यह समय बताएगा।

मैं इस लेख को किसी राजनीतिक दल के समर्थन या विरोध के लिए नहीं लिख रहा हूँ, लेकिन जो सच है उसको लिखने से कोई आशय निकलता है तो भले ही निकले, लेकिन उसे परिवर्तित नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि एक बार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने कांग्रेस की योजनाओं की नाकामी को स्वीकार करते हुए सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया था कि सरकार गरीब जनता तक जो लाभ पहुंचाती है, उसका मात्र 15 प्रतिशत ही पहुँच पाता था। इसका आशय यह भी है कि 85 प्रतिशत राशि या तो कमीशन खोरी में जाता था या प्रशासनिक अव्यवस्था की भेंट चढ़ जाता था। इसका एक अर्थ यह भी निकाला जा सकता है कि कांग्रेस के शासन काल में हर शासकीय योजना भ्रष्टाचार का शिकार हुई। इसके विपरीत वर्तमान केंद्र सरकार में कम से कम इतना तो हुआ ही है कि गरीब तक पहुँचने वाला लाभ बिना किसी बिचौलिए के पात्र व्यक्ति को ही शत प्रतिशत मिल रहा है। यानी अब योजनाएं बिना किसी भ्रष्टाचार के पूरी हो रही हैं। कांग्रेस पार्टी की और से दी जाने वाली गारंटी निश्चित ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं के मनोबल में बढ़ोत्तरी करेगी। क्योंकि अब उनके पास भी जनता के बीच अपनी योजनाएं रखने के लिए मौका है। कांग्रेस के यह बात भी एक संजीवनी






**अब ज़ब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की क़वायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है।**

का कार्य कर रही है कि उसके नेता राहुल गांधी जनता के बीच जाने के लिए बहुत तेजी से सक्रिय होते जा रहे हैं। लेकिन महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि कांग्रेस को केवल मोदी विरोध की राजनीति से तौबा करना चाहिए, उसे केवल जनता के बीच जाकर अपने वादे बताकर जनता से संबंध बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहिए, क्योंकि हर व्यक्ति की अपनी शैली होती है। मोदी की शैली यही है कि वह जनता की भावना के अनुसार ही अपना भाषण देते हैं। इसके अलावा राहुल गांधी कभी कभी पटरी से उतरते दिखाई देते हैं।

कांग्रेस की ओर से जारी किए गए घोषणा पत्र में न्याय देने की बात कही गई है। साथ ही जातिगत जनगणना करने का भी वादा किया गया है। हो सकता है जातिगत जनगणना का वादा कांग्रेस के लिए लाभकारी साबित हो, लेकिन इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि इस मुद्दे पर भारत की पूरी जनता आँख बंद करके समर्थन करने के लिए आगे आ जाए। क्योंकि जो संस्थान या व्यक्ति समाज को एक करने के लिए प्रयास कर रहीं हैं, उनको कांग्रेस का यह वादा न्यायसंगत नहीं लग रहा होगा। यह बात सही है कि आज समाज बदल रहा है। वह जातिगत समाज के बाहर आकर भारतीय समाज यानी एकत्रित समाज होने की दिशा में बढ़ रहा है। ऐसे में यह भी कहा जा सकता है कि कांग्रेस का यह कदम समाज में विभाजन की लकीर खींचने का काम कर सकता है।

इस देश के अनेक चुनावों में यह देखने को मिला है कि विपक्षी दल महंगाई और भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को घेरने का अभियान सा चलाते थे। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्रित्व काल में मेहंगाई के मुद्दे को उछालकर कांग्रेस की नींद हराम कर दी थी, इसी प्रकार बोफोर्स मामले को मुद्दा बनाकर विपक्ष ने चुनाव लड़ा, जिसमें राजीव गांधी की सरकार को सत्ता से हाथ धोना पड़ा। आज विपक्ष के पास सरकार के विरोध में ऐसा कोई मुद्दा नहीं है, जिस पर सरकार को घेरा जा सके। इसके विपरीत सत्ता पक्ष की ओर से विपक्ष पर ही भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। यह राजनीति की दशा और दिशा को बदलने वाला दृश्य कहा जा सकता है। यह पहला चुनाव कहा जा सकता है, जिसमें सत्ता पक्ष विपक्ष को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घर रहा है। विपक्ष के कुछ दल इस मामले में मौन साधे हुए हैं, क्योंकि जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप लग रहे हैं, वे या उनके साथी उनके साथ हैं। इससे यह भी साफ संकेत जाता है कि भ्रष्टाचार के विरोध में विपक्ष की कोई योजना नहीं है। मोदी सरकार के दस साल के कार्यकाल में एक भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं है, जबकि विपक्ष पर आज भी आरोप लग रहे हैं। कई तो जमानत पर बाहर हैं।

अब ज़ब लोकसभा चुनाव के मैदान सज गया है, सभी राजनीतिक दल अपने अपने बयानों में पैनापन लाने की क़वायद कर रहे हैं, तब यह तो कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव कई दलों के लिए आरपार की लड़ाई हो गई है। जो राजनीतिक दल सत्ता सुख से लम्बे समय से दूर हैं, वह बेचैन से हो रहे हैं। हालांकि यह भी एक बड़ा सच है कि सत्ता पक्ष को निरंकुश होने से बचाने के लिए मजबूत विपक्ष का होना बहुत आवश्यक है, लेकिन यह भी सत्य है कि विपक्ष को मजबूत करने के लिए सत्ता पक्ष की ओर से प्रयास नहीं किए जाते। इसके लिए स्वयं विपक्ष को ही प्रयास करना होगा। विपक्ष की ओर से यह भी आरोप लगाया जाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष को कमजोर कर रही है, ऐसा आरोप लगाना विपक्ष की कमजोरी को ही दर्शाता है। इसलिए विपक्ष को अब एक ताकत के रूप में अपने आपको प्रस्तुत करना होगा।

**- सुरेश हिंदुस्तानी,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि तुम सदा श्री रामजी को प्रिय होओ और कल्याण रूप गुणों के धाम, मानरहित, इच्छानुसार रूप धारण करने में समर्थ, इच्छा मृत्यु ( जिसकी शरीर छोड़ने की इच्छा करने पर ही मृत्यु हो, बिना इच्छा के मृत्यु न हो ) एवं ज्ञान और वैराग्य के भण्डार होओ॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**जेहिं आश्रम तुम्ह बसब पुनि सुमिरत श्रीभगवंत।**
**ब्यापिहि तहँ न अबिद्या जोजन एक प्रजंत॥**

इतना ही नहीं, श्री भगवान को स्मरण करते हुए तुम जिस आश्रम में निवास करोगे वहाँ एक योजन (चार कोस) तक अविद्या (माया मोह) नहीं व्यापेगी॥

**काल कर्म गुन दोष सुभाऊ। कछु दुख तुम्हहि न ब्यापिहि काऊ॥**
**राम रहस्य ललित बिधि नाना। गुप्त प्रगट इतिहास पुराना॥**

काल, कर्म, गुण, दोष और स्वभाव से उत्पन्न कुछ भी दुःख तुमको कभी नहीं व्यापेगा। अनेकों प्रकार के सुंदर श्री रामजी के रहस्य (गुप्त मर्म के चरित्र और गुण), जो इतिहास और पुराणों में गुप्त और प्रकट हैं। (वर्णित और लक्षित हैं)॥

**बिनु श्रम तुम्ह जानब सब सोऊ। नित नव नेह राम पद होऊ॥**
**जो इच्छा करिहहु मन माहीं। हरि प्रसाद कछु दुर्लभ नाहीं॥**

तुम उन सबको भी बिना ही परिश्रम जान जाओगे। श्री रामजी के चरणों में तुम्हारा नित्य नया प्रेम हो। अपने मन में तुम जो कुछ इच्छा करोगे, श्री हरि की कृपा से उसकी पूर्ति कुछ भी दुर्लभ नहीं होगी॥

**सुनि मुनि आसिष सुनु मतिधीरा। ब्रह्मगिरा भइ गगन गँभीरा॥**
**एवमस्तु तव बच मुनि ग्यानी। यह मम भगत कर्म मन बानी॥**

हे धीरबुद्धि गरुड़जी! सुनिए, मुनि का आशीर्वाद सुनकर आकाश में गंभीर ब्रह्मवाणी हुई कि हे ज्ञानी मुनि! तुम्हारा वचन ऐसा ही (सत्य) हो। यह कर्म, मन और वचन से मेरा भक्त है॥

**सुनि नभगिरा हरष मोहि भयऊ। प्रेम मगन सब संसय गयऊ॥**
**करि बिनती मुनि आयसु पाई। पद सरोज पुनि पुनि सिरु नाई॥**

आकाशवाणी सुनकर मुझे बड़ा हर्ष हुआ। मैं प्रेम में मग्न हो गया और मेरा सब संदेह जाता रहा। तदनन्तर मुनि की विनती करके, आज्ञा पाकर और उनके चरणकमलों में बार-बार सिर नवाकर- ॥

( **क्रमशः**.... )

# विकसित भारत की दरकार है खुशहाली

यद्यपि जून 2024 में गठित होने वाली नई सरकार के मूर्त रूप लेने में दो माह बाकी हैं, लेकिन 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य के तहत आम आदमी की खुशहाली बढ़ाने की जरूरत के मद्देनजर अभी से प्रशासनिक स्तर पर रणनीति बनाई जाना शुरू हो गई है। देश के आम आदमी के जीवन स्तर में वृद्धि, गरीबी में कमी, रोजगार के मौके बढ़ाने जैसे विभिन्न मुद्दों पर अधिक प्रयासों से ही देश खुशहाली के उस स्तर पर पहुंच सकता है, जोकि विकसित भारत की महत्वपूर्ण दरकार है। इस परिप्रेक्ष्य में हाल ही में 21 मार्च को प्रकाशित विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 को भी ध्यान में रखा जाना जरूरी है, जिसमें 143 देशों में भारत को 126वां स्थान दिया गया है। गौरतलब है कि विश्व खुशहाली रिपोर्ट 2024 के तहत सामाजिक सहयोग, आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार मुक्त वातावरण जैसे कारकों के आधार पर विश्व भर के देशों का आकलन कर रैंकिंग तैयार की गई है। पिछले वर्ष भी इस रैंकिंग में भारत 126वें स्थान पर था। इस रैंकिंग में फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश है।

नॉर्डिक देश खुशहाली सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं। इनमें डेनमार्क और आइसलैंड ने क्रमश॰ दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया है। स्वीडन चौथे नंबर पर है। यद्यपि इस वैश्विक खुशहाली रिपोर्ट के प्रकाशित होने के बाद दुनिया के कोने-कोने से लोग इसे अतार्किक और अविश्वसीय बनाते हुए टिप्पणियां कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि यूरोपीय विद्वानों के द्वारा निर्धारित विभिन्न मापदण्डों पर आधारित खुशहाली की रैंकिंग देने वाली यह सूची भ्रमित करने वाली है। इस रैंकिंग पर भरोसा नहीं होता है। इस खुशहाली की रैंकिंग में भारत से चार पायदान ऊपर 122वें पर स्थित पाकिस्तान दुनियाभर में महंगाई, ऋणग्रस्तता, धार्मिक आजादी व लोकतांत्रिक चुनौती से ग्रस्त ऐसे देश के रूप में चर्चित है जिस देश की सत्ता में सांप्रदायिक कट्टरपंथी जमात अग्रिम पंक्ति में है। कदम-कदम पर धार्मिक पाबंदियों वाला कुवैत दुनिया का 13वां सबसे खुशहाल देश है। इतना ही नहीं, फिलिस्तीन के साथ निर्मित युद्ध से जिस देश के हजारों लोगों के चेहरों पर निराशाएं दी हैं, उस इजराइल को दुनिया का पांचवां सबसे खुशहाल देश बताया गया है। इतना ही नहीं, युद्ध से पीड़ित क्षतिग्रस्त, हजारों मौतों का सामना कर रहा रूस 72वें, फिलस्तीन 103वें तथा यूक्रेन 105वें क्रम पर है। ये देश पीड़ाओं, निराशाओं व युद्ध के बावजूद भारत से अधिक खुशहाली की रैंकिंग दर्शा रहे हैं। इस विश्व खुशहाली रिपोर्ट में बेमेल गणनाएं की गई हैं। इस सूची के तहत दुनिया की सबसे अधिक आबादी रखने वाले भारत और भारत की आबादी से एक फीसदी से भी बहुत कम आबादी रखने वाले देशों की जनसंख्या चुनौतियों व समस्याओं के मद्देनजर तुलनाएं करते हुए भी खुशहाली की गणना की गई है। प्रश्न यह है कि भारत जैसे दुनिया की बड़ी आबादी के साथ दुनिया के सातवें सबसे बड़े भूभाग रखने वाले भारत की तुलना दुनिया के छोटे-छोटे कम आबादी व कम चुनौतियां रखने वाले देशों से कैसे की जा सकती है? खुशहाली को महज आर्थिक प्रगति और संसाधनों की अधिकता के मद्देनजर देखा जाना उपयुक्त नहीं है।

जिन कई देशों को दुनिया के अधिक खुशहाल देश बताया गया है, वहां आबादी बहुत कम है, चुनौतियां भी बहुत कम हैं तथा धार्मिक विद्वेष भी नहीं हैं। ऐसे कई छोटे देशों की सरकारों को किसी समस्या को सुलझाने में ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे देशों की तुलना बड़ी-बड़ी समस्याओं का सामना कर रहे विशाल देशों से कैसे की जा सकती है? इस वैश्विक खुशहाली सूची में भारत के संबंध में कुछ ऐसे विश्व स्तर पर चमकीले परिदृश्य को ध्यान में नहीं रखा गया है जिनके लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक सहित दुनिया के कई आर्थिक-सामाजिक संगठन अपने शोध पत्रों के आधार पर भारत में नए प्रयासों की सराहना करते हुए दिखाई दे रहे हैं। भारत में मानव



विकास के तहत गरीबी में कमी लाने के प्रयास को भारी सफलता मिली है। पिछले एक दशक में भारत में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि भारत आम आदमी को डिजिटल दुनिया से जोडने़ वाला दुनिया का प्रमुखतम देश है। भारत में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। भारत में सरकार के द्वारा गरीबों व किसानों के बैंक खातों में सीधे 32 लाख करोड़ से अधिक धनराशि भेजकर उनका सशक्तिकरण किया गया है। चाहे खुशहाली की सूची में विभिन्न देशों की रैंकिंग अनुचित और अन्यायपूर्ण ढंग से की गई है, लेकिन हमें भारत में आम आदमी के आर्थिक कल्याण, आम आदमी की आमदनी बढ़ाने तथा खुशहाली के विभिन्न पैमानों पर बहुत आगे बढने़ के लिए अभी मीलों चलना है। हमें भारत में खुशहाली बढ़ाने व आय असमानता के बड़े अंतर को कम करने के लिए बड़े प्रयास करने हैं। 21 मार्च को प्रकाशित न्यूयार्क यूनिवर्सिटी रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2022-23 में भारत की कुल आय का 22.6 फीसदी हिस्सा सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के पास गया। वर्ष 2022-23 में देश की सबसे अमीर एक फीसदी आबादी के पास राष्ट्रीय संपत्ति का 39.5 फीसदी हिस्सा था, जबकि सबसे गरीब 50 फीसदी आबादी के पास केवल 6.5 फीसदी हिस्सा था। यह परिदृश्य बताता है कि भारत में असमानता बढ़ी है। स्टडी में कहा गया है कि भारत में संपत्ति टैक्स सिस्टम प्रतिगामी है, जिसका अर्थ है कि अमीर लोग अपनी संपत्ति के अनुपात में कम टैक्स दे रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में बड़े निवेशों को फंड करने के लिए टैक्स शेड्यूल में बदलाव करके आय और धन दोनों को टैक्स योग्य बनाया जाना होगा। हमें देश में मानव विकास के विभिन्न पैमानों पर तेजी से आगे बढने़ पर ध्यान देना होगा। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी मानव विकास सूचकांक (एचडीआई) रिपोर्ट 2022 में भारत 193 में से 134वें स्थान पर है। यद्यपि भारत की रैंकिंग में पिछले वर्ष की एचडीआई-2021 रिपोर्ट के मुकाबले एक पायदान का सुधार हुआ है।

भारत पिछले 34 वर्षों से 131 से 135वें स्थान पर झूल रहा है। एचडीआई का तात्पर्य मानव विकास के तीन बुनियादी आयामों- लंबा और स्वस्थ जीवन, शिक्षा तक पहुंच और सभ्य जीवन स्तर में औसत उपलब्धियों के आकलन से है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र ने नए मानव विकास सूचकांक में भारत की औसत बढ़त को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ कहा है। पिछले एक वर्ष में भारतीयों की औसत आमदनी में 6.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। भारत में जीवन प्रत्याशा में शानदार वृद्धि हुई है। एक वर्ष पहले भारत में जीवन प्रत्याशा का औसत 62.2 था जो अब बढक़र 67.7 हो गया है। भारत ने लैंगिक असमानता को कम करने में भी प्रगति प्रदर्शित की है। भारत में लिंग असमानता सूचकांक वैश्विक औसत से बेहतर है। हमें यह ध्यान रखना होगा कि वर्ष 2047 तक देश को विकसित देश बनाने के लिए सरकार के द्वारा आम आदमी की प्रतिव्यक्ति आय और खुशहाली बढ़ाने के लिए जो व्यय किए जाते हैं, वे उतने ही महत्वपूर्ण हैं, जिस तरह सरकार के द्वारा बुनियादी ढांचे पर भारी निवेश लाभप्रद होता है। हम उम्मीद करें कि देश में करोड़ों लोगों की गरीबी, भूख, कुपोषण, डिजिटल शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता, ग्रामीण युवाओं के तकनीकी प्रशिक्षण और स्वास्थ्य की चुनौतियों को कम करने के लिए सरकार रणनीतिक रूप से, हरसंभव तरीके से कारगर प्रयासों की डगर पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**
**विख्यात अर्थशास्त्री**

# राशिफल


**चैत्र कृष्ण पक्ष : प्रतिपदा** | **( विक्रम संवत् 2080 )**




**मेष- ( चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ )**
पहले से बेहतर समय। स्वास्थ्य और सामाजिक तौर पर, भौतिक सुख-संपदा के तौर पर।



**वृष- ( ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो )**
मन चिंतित रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी नहीं रहेगी। व्यापारिक दृष्टिकोण से शुभ रहेगा।




**मिथुन- ( का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा )**
स्वास्थ्य पर ध्यान दें। प्रेम, संतान की स्थिति भी मध्यम है। व्यापार आपका सही चल रहा है।




**कर्क- ( ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा )**
व्यावसायिक उत्थान होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान भी थोड़ा मध्यम है लेकिन खराब नहीं है।



**सिंह- ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे )**
सिंह राशि की स्थिति- भाग्यवश काम बनेंगे। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी।




**कन्या- ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो )**
परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। स्वास्थ्य मध्यम।




**तुला- ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त )**
जीवनसाथी का साथ मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे। नौकरी-चाकरी की स्थिति अच्छी रहेगी।



**वृश्चिक- ( तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू )**
शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। शत्रु मित्र बनने की कोशिश करेंगे। ऐसा दिखता है। प्रेम,संतान ठीक है। व्यापार भी ठीक है।



**धनु- ( ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे )**
भावुकता पर नियंत्रण रखें। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं से बचें। लिखने-पढ़ने में समय व्यतीत करें। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान मध्यम।



**मकर- ( भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी )**
भूमि,भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा। शुभ समय कहा जाएगा।



**कुम्भ- ( गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द )**
व्यावसायिक सफलता मिलेगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम, संतान मध्यम। व्यापार अच्छा।



**मीन- ( दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि )**
लिक्विड फंड में बढ़ोतरी होगी और कुटुंब में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

# ब्राह्मण समाज की बैठक में परशुराम जयंती पर हुआ मंथन



**नोएडा (चेतना मंच)।** ब्राह्मण समाज महासंघ (रजि.) की बैठक इंडस्ट्रियल एंटरप्रन्योर्स एसोसिएशन के उद्योगपतियों के साथ सूरजपूर में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान में चल रहे चुनाव पर विस्तार से चर्चा हुई तथा 10 मई भगवान परशुराम जयंती पर गहन मंथन हुआ। जिसमें ब्राह्मण समाज महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के.के.मिश्रा, राष्ट्रीय सचिव-प्रभाकर झा, इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, महासचिव संजीव शर्मा,उद्योगपति एन. शुक्ला, राज मणि त्रिपाठी, महेंद्र शुक्ला, विवेक पाठक, पी.के. तिवारी, महिपाल सिंह, एम.पी.शुक्ला, ऋरूत्रिपाठी, मनोज पाण्डेय, पी.एस. मुखर्जी, राजीव रंजन द्विवेदी, विवेक चौबे आदि उपस्थिति हुए।

# प्राधिकरण के पानी का बिल भरना लोहे के चने चबाने जैसा : अजीत सिंह

**नोएडा (चेतना मंच)।** इन दिनों नोएडा प्राधिकरण के जल विभाग का बिल भुगतान करना आवंटियों के लिए लोहे के चने चबाने से कम नहीं है। पहले जिस बिल का भुगतान तुरंत हो जाता था अब आपको पहले नोएडा प्राधिकरण जाना पड़ेगा। वहीं से चालान बनवाकर लेना पड़ेगा। इसके बाद सिर्फ एक्सेस बैंक में ही बिल का भुगतान करना पड़ेगा।



सेक्टर-26 निवासी समाजसेवी अजीत सिंह ने बताया कि उपभोक्त अदालत का स्पष्ट कहना है कि बिजली तथा पानी जैसी सेवाओं का निष्पादन संबंधित विभाग के उपभोक्ता के घर पर जाकर करना होगा। लेकिन नोएडा प्राधिकरण ठीक इसके उलट उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है।

अजीत सिंह ने टवीट करके इसकी शिकायत जल विभाग के वरष्ठि अधिकारी, नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजी है।



योगेन्द्र शर्मा अध्यक्ष फोनरवा के निवास पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत द्विवेदी का स्वागत करते कामधेनु ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. नरेश शर्मा, त्रिलोक शर्मा संरक्षक फोनरवा तथा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा आदि।

# नववर्ष उत्सव उमंग मेले का समापन




ग्रेटर नोएडा। भारत नवनिर्माण ट्रस्ट के अन्तर्गत, भारतीय पर्व आयोजन समिति के तत्वावधान में नव वर्ष उत्सव उमंग 2081 का समापन हुआ।

कथा व्यास अरविंद भाई ओझा जी द्वारा आज कथा में हनुमान जी के जन्म का प्रसंग बताया कि पुत्रेष्टि यज्ञ में माता सुमित्रा को प्राप्त प्रसाद के प्रति अविश्वास होने के कारण, चील प्रसाद को लेकर उड़ जाती है और पवन के वेग के कारण पर्वत शिखर पर वो प्रसाद माता अंजनी की झोली में गिर जाता है। उसी प्रसाद को ग्रहण करने से माता अंजनी को पुत्र की प्राप्ति होती हुई। सूर्य को निगलने की कथा व हनुमान जी की अष्ट सिद्धी व नव निधि का वर्णन भी किया।

इस अवसर पर नरेश गुप्ता, विवेक कुमार, सौरभ बंसल, विवेक अरोड़ा, संजीव सालवान, बीरपाल, सतीश गुलिया, अजय तोगड, मीना माहेश्वरी, वंदना सिंह, किरण मिश्रा, सीमा सिंह, माया, सरोज अरोरा, संतोष, सिमरन, दुर्गेश्वरी, गुड्डी तोमर, संगीता सक्सेना, बीना अरोरा, विनीता शर्मा, ज्योति सिंह, रीना गुप्ता, कांतिपाल, नेहा, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चुनाव में अधिकाधिक मतदान का आवाहन




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** आईआईए चैप्टर कार्यालय में स्वीटी उपाध्याय, सहायक आयुक्त, डीआईसी, के आवाहन पर चुनाव के पूर्व में अधिकाधिक मतदान पर चर्चा हुई। 3 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई गोष्ठी में चुनाव का पर्व विषय पर सुश्री स्वीटी ने उद्योगों के प्रतिनिधियों के समक्ष आगामी लोकसभा चुनाव पर एक प्रोत्साहन परिचर्चा करने का सुझाव रखा था। इसी सिलसिले में ग्रेटर नोएडा आईआईए टीम ने, आपस में मंत्रणा करके आज की परिचर्चा गोष्ठी का आयोजन किया। सर्वप्रथम चेयरमैन ने उनका स्वागत किया।

परिचय संवाद के उपरांत स्वीटी ने सभी आगुंतक उद्यमियों के समक्ष अधिक से अधिक मतदान कराने में सभी संभव उपाय अपनाने के लिए कहा। गोष्ठी में चैप्टर चेयरमैन राकेश बंसल, राष्ट्रीय सचिव विशारद गौतम, सचिव सरबजीत सिंह, सर्वेश गुप्ता, जे एस राणा, अनिल सेठी (एम आर एल), नवीन गुप्ता, जगदीश सिंह, अमित शर्मा ( मित्रम), दिनेश शर्मा ( शीला फोम ), सहित 30 से अधिक उधमो के प्रतिनिधियों , सदस्यों ने प्रतिभाग किया।



भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर 142 नोएडा शहदरा गांव में आज 56वें दिन भी जारी रहा।

## पृष्ठ एक के शेष....

**मादक पदार्थ...**

लेता है और महंगे दाम पर बेचता है। थाना कासना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मायचा गांव के पास एक वैगनआर कार को जांच के लिए रोका। कार की तलाशी लेने पर उसमें से 10 पेटी अरुणाचल मार्का, 6 पेटी उत्तर प्रदेश मार्का तथा एक पेटी पंजाब मार्का की शराब बरामद हुई। पुलिस ने कार सवार दोनों लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में कार चालक ने अपना नाम संदीप पुत्र मही सिंह तथा दूसरे ने अपना नाम लवकुश पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम घोड़ी बछेड़ा बताया। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि वह विभिन्न राज्यों से कम दामों पर शराब खरीद कर लाते हैं और उसे अपने गांव में आसपास के क्षेत्र में अधिक मूल्य पर बेचते हैं। बरामद वैगनआर कार वह शराब की तस्करी में प्रयुक्त करते हैं।

वहीं थाना बादलपुर पुलिस ने जीटी रोड छपरौला के पास चैकिंग के दौरान एक बाइक सवार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से 4 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम महावीर सिंह उर्फ अजय पुत्र भगवान सिंह निवासी गाजियाबाद बताया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कार्यालय में पेश किया गया है।

**लिव-इन पार्टनर...**

आस-पड़ोस के लोगों ने पूछताछ के दौरान बताया कि करीब दो महीने पहले ही युवक फ्लैट में किराए पर शिफ्ट हुआ था और वह युवती के साथ लिव इन रिलेशन में रह रहा था। पूर्व में भी दोनों का कई बार झगड़ा हुआ था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि फ्लैट का दरवाजा अंदर से बंद था। आसपास के लोगों द्वारा सूचना देने के बाद फ्लैट का दरवाजा तोड़कर युवक के शव को बाहर निकला गया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

**सर्वोत्तम बिल्डर की...**

बैनामा व कब्जा दिए जाने का ऑफर दिया। इन लोगों की बातों में आकर उसने 8 जुलाई 2023 को शहजाद अहमद व अनिल जैन को प्लॉट की एवज में 5 लाख रुपए का चेक दिया। बैंक से चेक क्लियर होने पर आरोपियों ने उसे सर्वोत्तम मेगा पॉलिश की प्रोजेक्ट में एक प्लॉट अलॉट किया। दिसंबर 2023 में जब वह उक्त प्लाट को देखने ग्राम चंद्रावली रामगढ़ पहुंचा तो पता चला कि खेत मालिक हरिओम शर्मा व पवन शर्मा ने उस पर फसल की बुवाई कर रखी है। हरिओम शर्मा ने उसे बताया कि उन्होंने अपना खेत बिल्डर को नहीं बेचा है और वह ठगी का शिकार हो गया है इसके बाद जब वह अपने 5 लाख रुपए मांगने शहजाद अहमद विकास जैन ऋषभ जैन अनिल जैन भुवनेश चौहान के पास पहुंचा तो आरोपियों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की। आरोपियों ने कहा कि वह बिल्डर हैं और उनके पास बाउंसर और बदमाशों की बड़ी फौज है पैसों के लिए अगर वह ज्यादा पीछे पड़ेगा तो उसे जान से मरवा दिया जाएगा। पीड़ित ने थाना नॉलेज पार्क में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

**ईनामी लुटेरा...**

कारतूस बरामद हुआ। थाना प्रभारी ने बताया कि निशांत शास्त्री लुटेरा है और इस पर करीब आठ मुकदमे पंजीकृत हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई थी। जिसमें वह वांछित चल रहा था लगातार वंचित चलने के कारण उसकी गिरफ्तारी पर 15000 का इनाम घोषित किया गया था।

**आलू के बोरों के...**

ट्रक चालक सैयद जबी ऊल्ला पुत्र सैयद ऊल्ला, ब्रह्मपुत्र प्रमोद शिवम जायसवाल पुत्र राम जी जायसवाल तथा जाकिर हुसैन पुत्र शेख मोइनुद्दीन को पकड़ा।

डीसीपी क्राइम ने बताया कि आरोपियों से जब सख्ती से पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि वह ट्रक में हंस छाप ब्रांड का नकली तंबाकू लादकर ले जा रहे थे। इस तंबाकू को वह बेंगलुरु कर्नाटक केरल आदि में सप्लाई करते हैं। उन्होंने विकास उर्फ चाचा पुत्र बनिया निवासी जगतपुर बुराड़ी थाना वजीराबाद दिल्ली से यह नकली तंबाकू खरीदा था। पुलिस से बचने के लिए वह ट्रक में तंबाकू के बोरों के ऊपर आलू की बोरियां रख देते थे जिससे चेकिंग में किसी को भी नकली तंबाकू होने की भनक नहीं लगती थी। इसके अलावा पुलिस से बचने के लिए उनके दो साथी अर्टिगा कार से ट्रक के आगे चलते थे। कहीं अगर चेकिंग होती थी तो कार सवार उनके साथी उन्हें फोन कर जानकारी दे देते थे जिसके बाद वह ट्रक को रास्ते में ही रोक लेते थे।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया आरोपियों से बरामद तंबाकू की कीमत करीब 1 करोड़ के आसपास है। हंस ब्रांड का नकली तंबाकू पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर कंपनी के निदेशक अधिकृत जांच अधिकारी सिद्धार्थ गौर तथा अधिकृत जांच अधिकारी सौरभ शर्मा भी थाने पहुंचे उन्होंने भी पकड़े गए तंबाकू के नकली होने की पुष्टि की दोनों ने बताया कि आरोपियों ने उनकी कंपनी के जैसी पैकिंग मार्किंग में ट्रेडमार्क की नकल कर पैकिंग तैयार कर उसमें नकली तंबाकू भरा हुआ है। उन्हें भी पिछले काफी समय से नकली तंबाकू बेचे जाने की सूचना मिल रही थी। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त आर्टिका कार व ट्रक को भी सीज कर दिया है।

## PUBLIC NOTICE

(0.5.R.20) Applicant Adv -B.J.DABHI

**IN THE COURT OF MOTOR ACCIDENT CLAIM TRIBUNAL JUDGE SHRI.N.A.ANJARIA SAHEB (P.D.J COURT) OF KHEDA AT NADIAD. (GUJARAT STATE)**

M.A.C.P. NO-669/2018
EXH.-50

**APPLICANT :-**
ARVINDBHAI LAXMANBHAI PARMAR AT.KHALADI, TA. MAHUDHA, DISTRICT. KHEDA
VS.
**OPPONENTS:-**
(4) RAJESHKUMAR
Address -VIKK BAZIPUR PO. GHEJA BHENGAL PH 2 NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, 201301, UTTAR PRADESH

**Fixed On :-03.05.2024**

Whereas, Applicant has instituted the above filed an application agaist you U/S 166 of Motor Vehical Act due to an Accident occurred by vehicale UP-16-R-9055 to recover compensation of Rs.5,00,000/- with interest of 18% from you, You are hereby orderderd to remain present on this Court In person or by a pleader on the day of 3 May, 2024 at 10.45 a.m. to answer the same with all the documents on which you rely upon, failing which the application will be disposed of ex- parte.

Given under my hand and the seal of the Tribunal on 1st April 2024

| Prepared By | Campared By | By Order |
|---|---|---|
| (J.K.Chauhan) Assistant | (V.M.Dodiya) Assistant | Deputy Registrar, M.A.C.T.Branch, District Court, Nadiad. |

## PUBLIC NOTICE

(0.5.R.20) Applicant Adv -B.J.DABHI

**IN THE COURT OF MOTOR ACCIDENT CLAIM TRIBUNAL JUDGE SHRI.N.A.ANJARIA SAHEB (P.D.J COURT) OF KHEDA AT NADIAD. (GUJARAT STATE)**

M.A.C.P. NO-669/2018
EXH.-46

**APPLICANT :-**
AJITSINH BHARATSINH PARMAR AT.KHALADI, TA. MAHUDHA, DISTRICT. KHEDA
VS.
**OPPONENTS:-**
(4) RAJESHKUMAR
Address -VIKK BAZIPUR PO. GHEJA BHENGAL PH 2 NOIDA, GAUTAM BUDDHA NAGAR, 201301, UTTAR PRADESH

**Fixed On :-03.05.2024**

Whereas, Applicant has instituted the above filed an application agaist you U/S 166 of Motor Vehical Act due to an Accident occurred by vehicale UP-16-R-9055 to recover compensation of Rs.5,00,000/- with interest of 18% from you, You are hereby orderderd to remain present on this Court In person or by a pleader on the day of 03 May, 2024 at 10.45 a.m. to answer the same with all the documents on which you rely upon, failing which the application will be disposed of ex- parte.

Given under my hand and the seal of the Tribunal on 1st April 2024

| Prepared By | Campared By | By Order |
|---|---|---|
| (J.K.Chauhan) Assistant | (V.M.Dodiya) Assistant | Deputy Registrar, M.A.C.T.Branch, District Court, Nadiad. |

**दैनिक चेतना मंच**
भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।
डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99
RNI No. 69950/98
स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।
संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी
Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com




## उत्तर मध्य रेलवे

**निविदा सूचना**

वरीष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 30.04.2024** को **15:00** बजे तक आमन्त्रित की जाती है।

**निविदा संख्या** : पी0आर0वाई0जे0-सिग-402-2024-2025

**कार्य का विवरण** : खुर्जा-दादरी सेक्शन में किमी. 1410/25-27 के एलसी नंबर 145 पर और किमी 1412/11-13 के एलसी नंबर 146 पर और किमी 1379/27-29 के खानपुर गांव के पास गंगरौल हॉल्ट स्टेशन पर पुल के नीचे सड़क के कार्य के संबंध में एस एंड टी कार्य का प्रावधान।

• **अनुमानित मूल्य (रूपये में)** : Rs. 6520518.08/- (पैंसठ लाख बीस हजार पाँच सौ अट्ठारह रूपए आठ पैसा मात्र), • **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में)** : 130400.00, • **कार्य समापन की अवधि** : 12 माह, • **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि** : **30.04.2024**, • **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धता** : निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे। • **बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप** : निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी। • **निविदा खुलने का समय, तिथि एवं स्थान** : निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को **15:30** बजे या उसके बाद ई- निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जाएगी। • **निविदा की वैधता** : निविदा खुलने के 60 दिन तक, • **निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार** : रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधित/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

**620/24 (AN)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @ CPRONCR

# क्लाइमेट चेंज से बढ़ेगी महंगाई, रुक सकता है भारत का विकास है: आरबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कहा कि हमें इस साल गर्मियों में सब्जियों की कीमतों पर नजर बनाए रखने की जरूरत है क्योंकि, आईएमडी ने अधिक गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी की है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में दास ने कहा कि आरबीआई का मुख्य उद्देश्य मुद्रास्फीति दर को टिकाऊ आधार पर सरकार द्वारा निर्धारित चार प्रतिशत के लक्ष्य तक लाना है। आखिरी पड़ाव सबसे चुनौतीपूर्ण है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के देश के कई हिस्सों में इस साल जून तक लू चलने का पूर्वानुमान लगाने से जुड़े सवाल पर दास ने कहा, हमें यह देखना होगा कि इसका (उच्च तापमान) विशेष रूप से खाद्य फसलों पर क्या असर पड़ता है। मैंने कुछ प्रमुख सब्जियों का उल्लेख भी किया है। हालांकि, उन्होंने गेहूं को लेकर कोई समस्या नहीं होने का भरोसा जताया और कहा कि अधिकतर कटाई पूरी हो चुकी है। गवर्नर ने कहा, गेहूं को लेकर ऐसी कोई चिंता नहीं है, लेकिन सब्जियों की कीमतों पर नजर रखनी होगी और लू के कई अन्य प्रभाव हो सकते हैं।

डिप्टी गवर्नर माइकल पात्रा ने कहा कि खाद्य मुद्रास्फीति हाल के दिनों में अत्यधिक अस्थिर रही है, और इसे बढ़ाने वाले कारक लगातार बदलते रहते हैं। हम यह सुनिश्चित करने पर ध्यान दे रहे हैं कि इसका असर उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति के बाकी आयामों पर न पड़े। पात्रा ने कहा कि अंडा, मांस, मछली और चावल जैसी वस्तुओं की वजह से भी मुद्रास्फीति पर दबाव बना है।



## मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य पर लाने पर ध्यान केंद्रित

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति कम हो रही है और जीडीपी वृद्धि वर्तमान में मजबूत है, हालांकि आरबीआई अगले दशक में वित्तीय क्षेत्र की स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करेगा। दास ने कहा कि मौद्रिक नीति समिति ने मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य पर लाने पर ध्यान केंद्रित किया है और इसे वहां तक लाने का काम अभी पूरा नहीं हुआ है।

## अनाज, सब्जियों ने बढ़ाई महंगाई

इसके अलावा हाल के दिनों में अनाज, सब्जियों के कारण भी खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हुई है। इससे पहले दिन में अपने बयान में गवर्नर ने कहा था कि मुद्रास्फीति पर आरबीआई का लक्ष्य अब सामने है और उन्होंने सभी से मूल्य वृद्धि को लेकर सतर्कता कम नहीं करने को कहा है। समयसीमा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2024-25 की कुछ तिमाहियों में चार प्रतिशत से नीचे जाती दिख रही है, लेकिन फिर ऊपर आ जाएगी।

## मुद्रास्फीति से हाथी की तुलना

दास ने कहा, हाथी (मुद्रास्फीति) धीमी गति से चलता है और अंतिम पड़ाव हमेशा चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि हाथी जंगल में लौट आए और हमेशा वहीं रहे। हम चाहते हैं कि मुद्रास्फीति टिकाऊ आधार पर लक्ष्य के अनुरूप रहे। इस बीच, दास ने कहा कि आरबीआई के आखिरी अध्ययन के बाद से संभावित वृद्धि दर में बढ़ोतरी हुई। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए औसत वृद्धि आठ प्रतिशत है। आरबीआई द्वारा चालू वित्त वर्ष के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमान को सात प्रतिशत पर बनाए रखने के बारे में आरबीआई अधिकारियों ने बताया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 तक के दौरान आने वाले वर्षों में उच्च वृद्धि के आधार प्रभाव की वजह से है। दास ने कहा कि अगर वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत रही, तो लगातार चौथे साल अर्थव्यवस्था 7 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि मई में वित्त वर्ष 2023-24 की वृद्धि के आधिकारिक आंकड़े जारी होने के बाद, आरबीआई संभावित वृद्धि तथा वास्तविक ब्याज दर पर गौर करेगा। हालांकि, आरबीआई गवर्नर ने मौद्रिक नीति या आगे के रुख पर कोई भी टिप्पणी करने से परहेज किया।

## खास खबर

### पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड को आईसीआरए द्वारा बीबीबी-क्रेडिट रेटिंग दी गई

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत के वायर और केबल इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड (बीएसई 530555, एनएसई) ने घोषणा की है कि क्रेडिट रेटिंग एजेंसी आईसीआरए ने कंपनी को पर बैंक फैसिलिटीज़ द्वारा लॉन्ग-टर्म रेटिंग दी है। फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही और फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह के लिए, ऑपरेशनल रेवेन्य 30.3 प्रतिशत बढ़ गया, जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 2,180.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 2,842.5 मिलियन रुपये हुआ और 25.7 प्रतिशत से बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 5,943.9 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 7,472.3 मिलियन रुपये हुआ। यह ग्रोथ हमारे प्रोडक्ट्स की मज़बूत मांग और ऑर्डर बुक के एफिशिएंट एग्जीक्यूशन के कारण हुई, जो हमारे व्यवसाय की ताकत और लचीलेपन को दर्शाता है। शुद्ध लाभ 53.8 प्रतिशत बढ़ गया,जो फाइनेंशियल ईयर 23 की तीसरी तिमाही में 143.2 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 की तीसरी तिमाही में 220.2 मिलियन रुपये हुआ और इसके साथ ही 65.0 प्रतिशत बढ़कर, फाइनेंशियल ईयर 23 के नौ माह में 339.7 मिलियन रुपये से फाइनेंशियल ईयर 24 के नौ माह में 560.6 मिलियन रुपये हुआ। इससे पहले, कंपनी ने 29 जनवरी 2024 को 66.50/- प्रति शेयर की कीमत पर 2,03,74,980 शेयर्स के अलॉटमेंट को मंजूरी दी थी, जिसमें नॉन-प्रमोटर, पब्लिक कैटेगरी को इक्विटी शेयर्स के प्रेफेरेंशियल अलॉटमेंट के माध्यम से 1,354.94 मिलियन रुपये की कुल बढ़त हुई। वर्ष 1955 में इनकॉरपोरेटेड, पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड भारत के तार और केबल उद्योग में एक प्रमुख खिलाड़ी है, जो विभिन्न इंफ्रास्ट्रक्चर सेग्मेंट्स के लिए हाई-क्वॉलिटी प्रोडक्ट्स के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है। कंपनी खुशखेड़ा, राजस्थान और धारूहेड़ा, हरियाणा में स्थित 2 अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटीज़ के माध्यम से काम करती है। इन फैसिलिटीज़ के पास अनेक इंडियन और ग्लोबल एजेंसियों द्वारा सर्टिफिकेशन्स हैं, जो हाई क्वॉलिटी स्टैंडर्ड के साथ उनके स्ट्रिक्ट कंप्लायंस की गवाही देते हैं।

### अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर शॉपिंग करने पहुंचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोर रहा है। इंस्टाग्राम पर एक यूजर ने यह वीडियो पोस्ट किया है। इसमें अनंत अंबानी 10 करोड़ रुपये की गाड़ी में बैठकर दुबई में शॉपिंग करने पहुंचे। कड़ी सुरक्षा के बीच वह एक ओरेंज रॉल्स-रॉयस कलिनन ब्लैक बेज में बैठकर दुबई मॉल में आते हैं। उनकी सुरक्षा में 20 गाड़ियों का एक काफिला है। हुरून इंडिया लग्जरी कंज्यूमर सर्वे 2023 के मुताबिक लग्जरी एसयूवी में रॉल्स-रॉयस कलिनन भारतीयों की पहली पसंद है। कंपनी ने अपनी कलिनन ब्लैक बैज कार 2020 में भारत में लॉन्च की थी। भारत में इसकी कीमत करीब 8.2 करोड़ रुपये है। टैक्स लगाकर इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपये बैठती है। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता शाहरुख खान के पास भी यह गाड़ी है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी 12 जुलाई को मुंबई में होनी है। पिछले महीने जामनगर में उनकी प्री-वेडिंग सेरेमनी हुई थी। इसमें दुनियाभर की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया था। इनमें ग्लोबल पॉप आइकन रिहाना, मेटा प्लेटफॉर्म्स के बॉस मार्क जकरबर्ग और माइक्रोसॉफ्ट के को-फाउंडर बिल गेट्स शामिल थे। इस इवेंट का एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। इसमें मार्क जकरबर्ग और उनकी पत्नी अनंत अंबानी से उनकी घड़ी के बारे में पूछ रहे थे। सालभर में इस ब्रांड की केवल 5,300 घड़ियां बनती हैं जिनकी एवरेज कॉस्ट 250,000 डॉलर है।

## कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद यूरोप से मिली भारत के वस्तु निर्यात को राहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कठिन आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद साल 2023 में यूरोप ने भारत के वस्तु निर्यात को सहारा दिया, जबकि कुल मिलाकर निर्यात में कमी आई है। 2023 में यूरोप के देशों को होने वाला निर्यात पिछले साल की तुलना में 2 प्रतिशत बढ़कर 98 अरब डॉलर हो गया। वहीं इस दौरान कुल मिलाकर वस्तु निर्यात 2023 में पिछले साल की तुलना में 4.8 प्रतिशत गिरा है। यूरोप के जिन देशों में निर्यात बढ़ा है, उनमें यूरोपीय संघ (ईयू) के 27 देश, यूरोपियन फ्री ट्रेड एसोसिएशन (ईएफटीए) के 4 देश और यूरोप के 7 और देश शामिल हैं। यूरोप के देश मंदी के कगार पर थे और उनकी आर्थिक वृद्धि बहुत धीमी रही। उसके बावजूद भारत से होने वाला निर्यात बढ़ा है। हालांकि यह वृद्धि बहुत कम थी। एक सरकारी अधिकारी ने कहा, 'भारत के निर्यातकों को यूरोप को वस्तु निर्यात में झिझक नहीं दिखानी चाहिए, जो क्षेत्र के मुताबिक भारत का सबसे बड़ा निर्यात बाजार है।' 2023 में ईयू को होने वाला निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.05 प्रतिशत बढ़कर 75.18 अरब डॉलर हो गया, जबकि ईएफटीए देशों को निर्यात 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1.88 अरब डॉलर हो गया है। वहीं यूरोप के अन्य देशों को होने वाला निर्यात 0.59 प्रतिशत बढ़कर 21.56 अरब डॉलर हुआ है, जिसमें ब्रिटेन (यूके) और तुर्की जैसे बड़े बाजार व 5 अन्य देश शामिल हैं। ब्रिटेन (10.72 प्रतिशत), स्विट्जरलैंड (3.09 प्रतिशत), नीदरलैंड (24.57 प्रतिशत), रोमानिया (116.85 प्रतिशत), चेक गणराज्य (25.51 प्रतिशत), ऑस्ट्रिया (4.43 प्रतिशत), हंगरी (0.43 प्रतिशत), नॉर्वे (1.87 प्रतिशत) जैसे देशों में भारत के उत्पादों का निर्यात तेज रहा। सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि इसे दवाओं, टेक्सटाइल्स, पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग उत्पादों, मशीनरी के साथ केमिकल्स जैसे उत्पादों की मांग से बल मिला है।

## ग्वालियर एयरपोर्ट ने जिंक से ईको-फ्रेंडली निर्माण में उत्कृष्टता हासिल की



**ग्वालियर, एजेंसी।** ग्वालियर का नवनिर्मित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट दूरदर्शी डिजाइन और योजनाबद्ध प्रोजेक्ट का प्रमाण है। इसे क्रिएटिव ग्रुप एलएलपी के प्रोफेसर चरणजीत एस शाह और आर्किटेक्ट गुरुप्रीत एस शाह के नेतृत्व में महज 16 महीने पूरा किया गया। इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन के डायरेक्टर, इंडिया डॉ. राहुल शर्मा ने देश की वृद्धि और विकास को आगे बढ़ाने में बुनियादी ढांचे की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। सरकार के प्रयासों और उल्लेखनीय परियोजनाओं के कारण भारत में बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे का विस्तार देखा जा रहा है। छ्श्वछ्त्रड्ड के अनुसार, भारत को इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार के कारण सालाना सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 3 से 4 प्रतिशत नुकसान होता है। राष्ट्र के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की दीर्घायु और सुरक्षा सुनिश्चित करने की अनिवार्यता से प्रेरित होकर, इंटरनेशनल जिंक एसोसिएशन अपने सभी निर्माणों में संरचनात्मक गैल्वनीकरण जैसे स्टेबल और जंग प्रतिरोध के तरीकों को अपनाने की वकालत करता है। यह एयरपोर्ट अपने बेहतरीन आर्किटेक्चर से निर्माण की उत्कृष्टता को परिभाषित करता है, जिसमें ईको-फ्रेंडली डिजाइन सुविधाओं के साथ एक नई अत्याधुनिक टर्मिनल बिल्डिंग भी शामिल है। सोलर पैनल, जिंक के ईको-फ्रेंडली गुण और रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम जैसे सतत अभ्यास कम कार्बन उत्सर्जित करते हैं, जो ईको फ्रेंडली निर्माण के लिए एक नया मानकों को स्थापित करता है। एयरपोर्ट टर्मिनल में लगे जिंक पैनल की हाई रिफलेक्टिविटी कम गर्मी को सोखती है।

## एनईसीसी लिमिटेड बोर्ड ने प्रेफेरेंशिएल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स और वारंट के अलॉटमेंट को मंजूरी दी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीएसई 534615, एनएसई), डोमेस्टिक, इंटरनेशनल, कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल परिवहन में लीडिंग कंपनी, ने घोषणा की है कि उसके बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने 6,70,000 इक्विटी शेयर्स के आवंटन को मंजूरी दे दी है और 39,55,062 शेयर वारंट 10/- रुपये की फेस वैल्यू से 32.05/- कीमत पर जिसमें 22.05/- रुपये प्रति इक्विटी शेयर का प्रीमियम शामिल है, कंपनी अधिनियम, 2013, सेबी (आईसीडीआर) रेग्युलेशन और अन्य लागू कानूनों के अनुसार निजी प्लेसमेंट के आधार पर प्रेफेरेंशियल इश्यू के माध्यम से कैश कंसीडरेशन के लिए प्रमोटर्स और अन्य नॉन-प्रमोटर ग्रुप के व्यक्ति को प्रेफेरेंशियल बेसिस पर इक्विटी शेयर्स में कन्वर्टबल हैं।

इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसे गेल (इंडिया) लिमिटेड से तीन साल की अवधि के लिए 52.48 करोड़ रुपये की कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू के तहत पॉलिमर के ट्रांसपोर्टेशन के लिए ऑर्डर मिला है। कंपनी ने हाल ही में 20 करोड़ रुपये तक के निवेश के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के माध्यम से ट्रकिंग पर्पस से 20 प्रतिशत तक शेयर/प्रतिभूतियों के लिए एसजी लॉजिस्टिक मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ एमओयू किया था।

अपनी स्थापना के बाद से, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन क्लाइंट्स को फ्लेक्सिबल, रेस्पॉन्सिव और सस्ती सेवाएं प्रदान कर रहा है जिसके वे हकदार हैं। कंपनी अपने ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी सॉल्यूशंस पेश करने के लिए अपने डीप ऑपरेटिंग नॉलेज का उपयोग करती है। वेयरहाउसिंग सर्विसेज़ के साथ-साथ डोमेस्टिक, इंटरनेशनल,कमर्शियल और इंडस्ट्रीयल माल ट्रांसपोर्टेशन में विशेषज्ञता के साथ नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन ने खुद को भारत में एक लीडिंग फ्रेट (माल) फॉरवर्डिंग कंपनी के रूप में स्थापित किया है।

जो लोग सामान को एक डेस्टिनेशन से दूसरी तक ले जाना चाहते हैं, उनके लिए नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन कॉस्ट-इफेक्टिव सॉल्यूशंस देता है। इसकी सेवाओं में फ्रेट (माल) मैनेजमेंट और कस्टमाइज लॉजिस्टिक्स सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो एक ऑटोमेटेड ईआरपी-बेस्ड सॉफ्टवेयर सिस्टम द्वारा समर्थित है। अपनी ऑपरेशनल एक्स्पर्टीज़, व्यापक ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क और एडवांस्ड टेक्नोलॉजी का लाभ उठाते हुए, टीम नेपाल, भूटान और भारत में राष्ट्रव्यापी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज़ प्रदान करने के लिए समर्पित है।

वर्तमान में, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनईसीसी) पार्ट ट्रक लोड फुल ट्रक लोड बल्क मूवमेंट, ओडीसी मूवमेंट्स, वेयरहाउसिंग और 3पीएल सहित सेवाएं प्रदान करता है। अपने पार्ट ट्रक लोड के साथ नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड भारत भर के विभिन्न स्थानों से देश के पूर्वी और उत्तरपूर्वी क्षेत्रों तक माल और छोटे पार्सल (<50 किग्रा) की आवाजाही की सुविधा प्रदान करता है। यह सेग्मेंट कंपनी के प्रमुख व्यवसाय का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही यह नेटवर्क डेंसिटी और सेवाक्षमता के मामले में पूरे क्षेत्र में अग्रणी खिलाड़ी होने पर गर्व करता है। अपने पूर्ण ट्रक लोड में, नॉर्थ ईस्टर्न कैरीइंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड इस सेवा को प्रमुख कॉर्पोरेट ग्राहकों तक विस्तारित करता है, जिससे क्लाइंट्स की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार ट्रकों को किसी ओरिजिन से किसी भी डेस्टिनेशन तक ट्रांसपोर्ट करने की सुविधा मिलती है।

## सीईओ के हटने के बाद 40 प्रतिशत तक गिर सकता है बंधन बैंक का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के एक बैंक के शेयर रखने वाले निवेशकों के लिए बुरी खबर है। बंधन बैंक के संस्थापक और सीईओ चंद्र शेखर घोष के रिटायरमेंट के बाद से उसके शेयर 40 पर्सेंट तक गिर सकते हैं। उन्होंने इस साल 9 जुलाई को रिटायरमेंट ले लिया था। ब्रोकरेज फर्म जेफरीज ने बंधन बैंक की रेटिंग बाय से डाउनग्रेड करके अंडरपरफॉर्म कर दिया गया है। ब्रोकरेज ने बंधन बैंक का टार्गेट प्राइस 40 प्रतिशत घटाकर 290 से घटाकर 170 कर दिया है। इस संशोधित टार्गेट प्राइस मौजूदा स्तरों से 14 प्रतिशत की संभावित गिरावट का संकेत देता है। 2024 में अब तक बंधन बैंक के शेयरों का निफ्टी बैंक इंडेक्स पर सबसे खराब प्रदर्शन रहा है, जिसमें लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### शेयरों का हालिया प्रदर्शन

अगर बंधन बैंक के शेयरों का हालिया प्रदर्शन देखें तो पिछले पांच कारोबारी सेशन में 7 फीसद से अधिक की बढ़त दर्ज की है। शुक्रवार को शेयर 197.40 रुपये पर बंद हुआ था। पिछले एक महीने में स्टॉक ने करीब 3 फीसद का रिटर्न दिया है, लेकिन पिछले छह महीने में करीब 20 फीसद टूटा है।

## ओल्ड टैक्स रिजीम का लाभ लेने के लिए भर दें आईटीआर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त वर्ष 2023-24 (एसेसमेंट ईयर 2024-25) के लिए आयकर रिटर्न भरने वाले करदाता सचेत रहें। जो करदाता पुरानी कर व्यवस्था को अपना कर आईटीआर भरना चाहते हैं, उन्हें हर हाल में 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करना होगा। इसमें चूकने पर पुरानी व्यवस्था का लाभ नहीं मिलेगा और नई प्रणाली के आधार पर आयकर की गणना की जाएगी। एक अप्रैल 2024 से आकलन वर्ष 2024-25 के लिए आयकर रिटर्न भरने की शुरुआत हो गई है। इसमें आईटीआर दाखिल करने के नियमों में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत जो करदाता बिना जुर्माना चुकाए 31 जुलाई 2024 तक की अंतिम समयसीमा के भीतर आयकर रिटर्न दाखिल करेंगे, उन्हें ही पुरानी कर व्यवस्था का लाभ दिया जाएगा। इसके बाद न्यू टैक्स रिजीम की डिफॉल्ट प्रणाली लागू हो जाएगी।

### विलंबित आईटीआर में लाभ नहीं मिलेंगे

गौरतलब है कि 31 जुलाई की समयसीमा समाप्त होने के बाद टैक्सपेयर्स को जुर्माने के साथ विलंबित आईटीआर दाखिल करने का मौका दिया जाता है। इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर होती है। अगर कोई करदाता इस अवधि में आईटीआर दाखिल करता है तो उस पर न्यू




टैक्स रिजीम के अनुसार आयकर देय होगा। उसे पुरानी व्यवस्था में मिलने वाली कर छूट और अन्य कटौतियों का लाभ भी नहीं मिलेगा। इससे बचने के लिए कर विशेषज्ञों ने 31 जुलाई तक रिटर्न दाखिल करने की सलाह दी है।

### टैक्स सिस्टम का चयन जरूरी

आयकर कानून के अनुसार, न्यू टैक्स रिजीम डिफाल्ट व्यवस्था है यानी करदाता के लिए यह पहले से ही लागू है। यदि कोई वेतनभोगी करदाता ओल्ड टैक्स रिजीम को चाहता है तो उसे नए वित्त वर्ष की शुरुआत में अपने नियोक्ता को इस संबंध में सूचित करना होगा।

### वेतनभोगियों को टैक्स सिस्टम बदलने की छूट

यदि कोई टैक्सपेयर अपने नियोक्ता को सूचित करने में विफल रहता है, तब भी आयकर रिटर्न दाखिल करते समय टैक्स सिस्टम को बदल सकता है। बशर्ते यह नियत तारीख के भीतर किया गया हो। टैक्स एक्सपर्ट्स के अनुसार, अगर करदाता को लगता है कि नई अथवा पुरानी व्यवस्था में उसे अधिक फायदा पहुंच रहा तो है तो आयकर रिटर्न दाखिल करते समय इसे बदल सकता है। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि हर साल कर व्यवस्था बदलने की यह सुविधा सिर्फ वेतनभोगियों के लिए है। कारोबारी या व्यापारी सिर्फ एक बार ही बदल सकते हैं, हर साल नहीं। पुरानी कर व्यवस्था में 2.5 लाख रुपये की कर छूट मिलती है। इसमें 80सी के तहत 1.5 की कर छूट, 50 हजार की मानक कटौती और 50 हजार रुपये एनपीएस में योगदान के शामिल हैं। वहीं, नई व्यवस्था में केवल 50 हजार की मानक कटौती का ही लाभ मिलता है।

## मोदी की गारंटी का असर! भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नए हफ्ते के पहले दिन शेयर मार्केट में शानदार तेजी दिख रही है। शुक्रवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी और आईटी तथा ऑटो शेयरों में तेजी के दम पर बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी बाजार खुलते ही नए शिखर पर पहुंच गए। सेंसेक्स 400 अंक से अधिक तेजी के साथ 74,658 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100 अंक से अधिक उछलकर 22,623 अंक पर पहुंच गया। इसके साथ ही भारत का मार्केट कैप पहली बार 400 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पिछले नौ महीने में इसमें 100 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। पिछले साल पांच जुलाई को भारत का मार्केट कैप 300 लाख करोड़ रुपये पहुंचा था। उसके बाद से निफ्टी में 16 फीसदी तेजी आई है। भारत का मार्केट कैप 2007 में 50 लाख करोड़ पहुंचा था जबकि 2014 में यह पहली बार 100 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा था। इसमें 200 लाख करोड़ रुपये का स्तर फरवरी 2021 में छुआ था।

पिछले एक साल में खासकर पीएसयू शेयरों में काफी तेजी देखने को मिली है। मोदी की गारंटी और सरकार के कैपेक्स को बढ़ावा देने से निवेशकों ने सरकारी कंपनियों के शेयरों को हाथोंहाथ लिया है।



पिछले 12 महीने में निफ्टी पीएसई और निफ्टी सीपीएसई में 100 फीसदी से ज्यादा तेजी आई है जबकि निफ्टी पीएसयू बैंक करीब 95 फीसदी चढ़ा है। सोमवार को शुरुआती कारोबार में निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी दिख रही है। बीपीसीएल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व और टाइटन कंपनी में सबसे ज्यादा तेजी आई है जबकि अडानी पोर्ट्स, अपोलो हॉस्पिटल्स, विप्रो, दिवीज लैबोरेटरीज और एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा गिरावट आई है।

### किन शेयरों में रही तेजी

सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 307.22 अंक की बढ़त के साथ रिकॉर्ड 74,555.44 अंक पर खुला जबकि निफ्टी 79.6 अंक चढ़कर 22,593.30 अंक पर खुला। सेक्टोरल इंडेक्स की बात करें तो एनर्जी, रियल्टी और मेटल्स शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी आई है। निफ्टी के 15 सेक्टोरल इंडेक्सेज में से 12 तेजी के साथ ट्रेड कर रहे हैं। निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी रियल्टी में एक फीसदी से ज्यादा तेजी आई है। ऑटो और आईटी में भी खरीदारी दिख रही है। लेकिन बैंकिंग शेयरों में खासकर पब्लिक सेक्टर बैंकों में गिरावट दिख रही है। निफ्टी बैंक 0.09 फीसदी गिरावट के साथ 48,448 अंक पर ट्रेड कर रहा था। जानकारों का कहना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल वैश्विक रुझानों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से प्रभावित होगी। ईद-उल-फितर के मौके पर गुरुवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे। कारोबारियों ने बताया कि विदेशी निवेशकों का रुख, रुपये-डॉलर के रुझान और कच्चे तेल की कीमतें भी उतार-चढ़ाव से भी बाजार की दिशा तय होगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के अनुसंधान प्रमुख संतोष मीना ने कहा कि भारतीय कंपनियां इस सप्ताह चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की घोषणा शुरू करेंगी। इस क्रम में आईटी सेवा कंपनी टीसीएस सबसे पहले अपने नतीजे घोषित करने वाली है। टीसीएस के नतीजे 12 अप्रैल को जारी होंगे। भारत के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी 12 अप्रैल को घोषित किए जाएंगे और इसी दिन मार्च के लिए महंगाई के आंकड़े भी आएंगे। पिछले हफ्ते बीएसई बेंचमार्क 596.87 या 0.81 फीसदी चढ़ गया। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया।

आईपीएल 2024 का 23वां मुकाबला आज

# किंग्स और सनराइजर्स के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद


दोनों टीमों की नजरें दो अंकों पर होगी

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 के 23वें मुकाबले में पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टक्कर होगी। ये मुकाबला मंगलवार शाम 7.30 बजे मुल्लांपुर में खेला जाएगा। दोनों ही टीमों का इस सीजन में एक सा हाल है। पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद दोनों ने ही अबतक 4-4 मैच खेले हैं और इसमें 2 जीते और 2 हारे हैं। पॉइंट्स टेबल में सनराइजर्स हैदराबाद 4 अंकों के साथ पांचवें और पंजाब भी इतने ही अंकों के साथ छठे पायदान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद का नेट रन रेट पंजाब किंग्स से बेहतर है, इसी वजह से टीम अंक तालिका में ऊपर है। अच्छी बात ये है कि दोनों ही टीमों ने अपना पिछला मुकाबला जीता है। पंजाब किंग्स ने पिछले मैच में गुजरात टाइटंस को 3 विकेट से हराया था तो वहीं, हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से मात दी थी। दो और टीमें चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के भी पंजाब और हैदराबाद के बराबर 4-4 अंक हैं। लेकिन, नेट रन रेट में अंतर की वजह से दोनों टीमें एक स्थान ऊपर और एक पायदान नीचे है।

## सनराइजर्स की टॉप ऑर्डर ताकत

- सनराइजर्स हैदराबाद के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव दिखा है। लेकिन, उसका टॉप ऑर्डर अच्छा खेल रहा। लेकिन, पंजाब किंग्स के लिए ऐसा नहीं कहा जा सकता है। शिखर धवन तो रन बना रहे। लेकिन, जॉनी बेयरस्टो अभी तक ताबड़तोड़ पारी नहीं खेल पाए हैं। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा, हेनरिक क्लासेन और ट्रेविस हेड अच्छी बल्लेबाजी कर रहे।

## किंग्स के पास भी पावर हिटर्स

- पंजाब किंग्स के पास भी पावर हिटर्स हैं। लेकिन, बेयरस्टो के साथ ही लियाम लिविंगस्टोन कद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। पंजाब को शशांक सिंह की तरह ही प्रभसिमरन सिंह और जितेश शर्मा से अच्छी बल्लेबाजी की उम्मीद होगी। पिछले मैच में शशांक ने 29 गेंद में 61 रन की पारी खेल गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत दिलाई थी।

## गेंदबाजी दोनों की कमजोर कड़ी

- पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की गेंदबाजी कमजोर कड़ी है। पंजाब के गेंदबाज डेथ ओवर में रन रोकने में नाकाम रहे हैं। वहीं, सनराइजर्स के बॉलर्स नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पा रहे। कैगिसो रबाडा पंजाब के बेस्ट गेंदबाज हैं। उन्होंने 6 विकेट लिए हैं। लेकिन, हर्षल पटेल और अर्शदीप सिंह की गेंदबाजी चिंता का विषय है। वहीं, हैदराबाद के लिए जयदेव उनादकट, मयंक मार्कंडेय और भुवनेश्वर कुमार भी महंगे साबित हो रहे।

**हेड टू हेड**
दोनों टीमों के बीच अब तक 21 मुकाबले हुए हैं। इसमें से हैदराबाद ने 14 जीते और 7 गंवाए हैं। वहीं, पंजाब ने 7 ही मैच जीते हैं। यानी हैदराबाद का पलड़ा भारी है।

## संभावित टीमें इस प्रकार हैं:

**सनराइजर्स हैदराबाद**: जयदेव उनादकट, जे सुब्रमण्यन, टी नटराजन, मयंक मारकंडे, भुवनेश्वर कुमार, फजलहक फारूकी, पैट कमिंस (कप्तान), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, ग्लेन फिलिप्स, नितीश रेड्डी, मार्को यानसेन, अभिषेक शर्मा, उपेंद्र यादव, राहुल त्रिपाठी, ऐडन मार्कराम, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक अग्रवाल, अब्दुल समद, आकाश महाराज सिंह, वानिंदु हसरंगा और उमरान मलिक.

**पंजाब किंग्स**: शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व टाइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया , विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु.

समयः मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा.

# दिल्ली ने ब्रूक की जगह लिजाड विलियम्स को किया शामिल



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स (DC) ने हैरी ब्रूक के रिप्लेसमेंट के तौर पर लिज़ाड विलियम्स को अपने साथ जोड़ा है। ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के चलते IPL 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था, जिसके बाद दिल्ली की टीम ने साउथ अफ़्रीका के तेज़ गेंदबाज़ को अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स को दिल्ली ने उनके बेस प्राइस 50 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। विलियम्स का यह पहला IPL सीज़न होगा। विलियम्स के आने से दिल्ली के तेज़ गेंदबाज़ी को आक्रमण को मज़बूती मिलेगी। दिल्ली के पास लूंगी एनगिडी भी मौजूद थे। लेकिन लोअर बैक इंजरी के चलते उन्होंने IPL के इस सीज़न से अपना नाम वापस ले लिया था। SA20 के दौरान एनगिडी को यह चोट लगी थी। विलियम्स ने 83 टी20 मैचों में 19.73 की औसत से कुल 106 विकेट चटकाए हैं। अप्रैल 2022 में उन्होंने साउथ अफ़्रीका के लिए डेब्यू किया था। उन्हें साउथ अफ़्रीका के लिए दो टेस्ट, चार वनडे और 11 टी20 खेले हैं। वह एकदिवसीय विश्व कप में भी साउथ अफ़्रीका के दल का हिस्सा थे और उन्होंने बांग्लादेश के ख़िलाफ़ मुक़ाबला भी खेला था। SA20 में विलियम्स ने जोबर्ग सुपर किंग्स के लिए 15 विकेट लिए और वह टूर्नामेंट में चौथे सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज़ थे।

# ऑरेंज कैप की रेस में विराट कोहली नंबर वन



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग यानी आईपीएल के 17वें सीजन की ऑरेंज कैप और पर्पल कैप राजस्थान रॉयल्स वर्सेस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु मैच के बाद जिन खिलाड़ियों के सिर पर थी, अभी भी उन्हीं के सिर पर है। रविवार को दो मैच खेले गए, लेकिन कोई भी ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की रेस में शीर्ष पर नहीं पहुंचा, जहां बल्लेबाजी में विराट कोहली और गेंदबाजी में युजवेंद्र चहल का कब्जा है। हालांकि, ऑरेंज कैप की रेस में एक खिलाड़ी ने जबरदस्त छलांग लगाई है और पर्पल कैप की रेस धीमी पड़ी हुई है। दरअसल, आईपीएल 2024 की ऑरेंज कैप 316 रन बना चुके विराट कोहली के सिर पर है, जबकि दूसरे नंबर पर अब साई सुदर्शन आ गए हैं। हालांकि, वे विराट कोहली से बहुत पीछे हैं, क्योंकि उन्होंने पांच मैचों में 191 रन बनाए हैं। लिस्ट में अब तीसरे नंबर पर रियान पराग हैं, जो 185 रन चार पारियों में बना चुके हैं। चौथे नंबर पर शुभमन गिल पहुंच गए हैं, जो अभी पांचवें पायदान पर थे। उनके रनों की संख्या पांच मैचों में 183 हो गई है, जबकि संजू सैमसन 178 रनों के साथ इस लिस्ट में पांचवें पायदान पर खिसक गए हैं। उन्होंने चार मैच खेले हैं। आईपीएल 2024 की पर्पल कैप की बात करें तो युजवेंद्र चहल 8 विकेटों के साथ शीर्ष पर हैं। वहीं, 5-5 मैचों में खलील अहमद और मोहित शर्मा ने क्रमशः दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइटन्स के लिए 7-7 विकेट निकाले हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के मुस्तफिजुर रहमान और मुंबई इंडियंस के जेराल्ड कोएट्जी भी इतनी ही सफलताएं हासिल कर चुके हैं।

**चहल के सिर पर है पर्पल कैप**

# कैंडिडेट्स शतरंज : प्रगनानंदा और वैशाली की शानदार जीत

**टूर्नामेंट में एक साथ जीतने वाले पहले भाई-बहन की जोड़ी**



**नई दिल्ली।** शतरंज की नई सनसनी आर प्रगनानंदा ने दूसरे दौर में डी गुकेश के हाथों मिली हार से उबरते हुए कैंडिडेट्स शतरंज के तीसरे दौर में साथी खिलाड़ी विदित गुजराती पर काले मोहरों से हैरतअंगेज जीत दर्ज की। विदित ने दूसरे दौर में खिताब के प्रबल दावेदार अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराया था, लेकिन यहां उन्हें सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद प्रगनानंदा की ओपनिंग के आगे 45वीं चाल में नतमस्तक होना पड़ा। यही नहीं महिला वर्ग में प्रगनानंदा की बहन आर वैशाली ने बुल्गारिया की अंतरराष्ट्रीय मास्टर नुरग्यूल सालिमोवा को पराजित किया। तीसरे दौर में सिर्फ इन्हीं दो बाजियों के परिणाम निकले बाकी सभी ड्रॉ रहीं। प्रगनानंदा और वैशाली कैंडिडेट्स में एक साथ जीतने वाली दुनिया की इकलौती भाई-बहन की जोड़ी बन गई। डी गुकेश और रूस के इयन नेपोमनियाच्ची के बीच बाजी ड्रॉ रही। कोनेरू हंपी ने भी सफेद मोहरों से चीन की झोंगयी तान के खिलाफ आसान ड्रॉ खेला। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा और शीर्ष वरीय अमेरिकी फैबियानो कारुआना के बीच भी मुकाबला ड्रॉ रहा।

# WMPL में मंधाना होंगी आइकॉन प्लेयर


विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग 24 जून से शुरु होगा

**नई दिल्ली।** विमेंस महाराष्ट्र प्रीमियर लीग के पहले सीज़न के लिए स्मृति मंधाना को आइकॉन प्लेयर घोषित किया गया है। चार टीमों का यह टूर्नामेंट 24 जून से महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन, गहुंजे में शुरु होगा। इस टूर्नामेंट में चार टीमें हिस्सा लेंगे। MCA ने कहा कि वह महिलाओं के लिए लीग शुरू करने वाला पहला एसोसिएशन बनेगा। मांधना के अलावा देविका वैद्य, अनुजा पाटिल, किरण नवगिरे और श्रद्धा पोखारकर को भी आइकॉन प्लेयर बनाया गया है। टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को 20 लाख जबकि रनर अप रहने वाली टीम को 10 लाख की राशि दी जाएगी। टीमों के लिए नीलामी 27 अप्रैल को होगी जबकि खिलाड़ियों की बोली 11 मई को लगाई जाएगी। हाल ही में बंगाल क्रिकेट एसोसिएशन (CAB) ने महिलाओं के लिए बंगाल प्रो टी20 टूर्नामेंट का ऐलान किया है, जो जून महीने में खेला जाएगा।

पाकिस्तान के कप्तान का बड़ा बयान

# बुमराह को बताया शानदार गेंदबाज



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के नए कप्तान बने बाबर आजम ने एक चौकाने वाला बयान दिया है. बाबर आजम ने वनडे विश्व कप के बाद सभी फार्मेट से कप्तानी छोड़ दी थी जिसके बाद शाहीन शाह अफरीदी को टी20 टीम का कप्तान बनाया गया था. बाबर आजम को एक बार फिर से सफेद गेंद की कप्तानी फिर से सौंप दी गई है. बाबर आजम ने एक पॉडकास्ट में बुमराह और नसीम को 20 वां ओवर देने के सवाल पर बड़ा चौकाने वाला बयान दिया है. जसप्रीत बुमराह मौजूद समय के सबसे बेहतरीन गेंदबाजों में से एक है. बाबर आजम एक पॉडकास्ट में बात कर रहे थे जब उनसे एक सवाल पूछा गया की अगर 20 वें ओवर में 10 रन की जरुरत हो और आप के पास नसीम शाह और जसप्रीत बुमराह में से किसे गेंदबाजी देंगे. इस पर बाबर आजम ने कहा कि मैं नसीम को गेंद दूंगा . बाबर बोले की नसीम के लिए मुझे बहुत खुशी है।

# चेन्नई ने कोलकाता को 7 विकेट से दी पटखनी, ऋतुराज ने खेली बेहतरीन पारी

चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में सीएसके और केकेआर के बीच आईपीएल 2024 का मुकाबला खेला गया। जहां चेन्नई सुपर किंग्स जीत की पटरी पर लौट आई। सीएसके ने लगातार दो मैच गंवाने के बाद केकेआर के खिलाफ 7 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने चेन्नई को 138 रन का टारगेट दिया था। जिसे सीएसके ने 14 गेंद शेष रहते हुए चेज कर लिया। वहीं इस दौरान ऋतुराज गायकवाड़ ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 58 गेंदों में 9 चौकों की बदौलत नाबाद 67 रन बनाए।

वहीं चेन्नई के स्टार ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने चार ओवर में महज 18 रन देकर तीन विकेट झटके। चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर के लिए चार मैचों में यह पहली हार है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने अपनी शुरुआती आठ गेंद के अंदर अंगकृष रघुवंशी (18 गेंद में 24 रन), सुनील नारायण (20 गेंद में 27 रन) और वेंकटेश अय्यर (तीन रन) के विकेट के साथ केकेआर की पारी का रूख मोड़ दिया जिससे टीम नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी।

सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रुतुराज ने 58 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके लगाये। उन्होंने इस दौरान रचिन रविंद्र (15) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 27 जबकि डेरिल मिचेल (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। इस सलामी बल्लेबाज ने शिवम दुबे (28) के साथ 26 गेंद में 38 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दुबे ने 18 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिये।

इससे पहले जडेजा को तुषार देशपांडे (चार ओवर में 33 रन पर तीन विकेट), मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 22 रन पर



दो विकेट) और महीश तीक्षणा (चार ओवर में एक विकेट पर 28 रन) का अच्छा साथ मिला। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रचिन रविंद्र ने तीसरे ओवर में स्टार्क के खिलाफ तीन चौके जड़े लेकिन अगले ओवर में वैभव अरोड़ को गेंद को लॉन्ग ऑन पर वरुण चक्रवर्ती को कैच दे बैठे।

गायकवाड़ ने पांचवें ओवर में अनुकूल रॉय के खिलाफ कदमों और टाइमिंग का इस्तेमाल का तीन कलात्मक चौके लगाये। उन्होंने अगले ओवर में वैभव की गेंद पर लगातार दो चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये डेरिल मिचेल ने नारायण के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर हाथ खोला। दोनों ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया। रुतुराज ने 12वें ओवर में चक्रवर्ती की गेंद पर दो रन लेकर मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। नारायण ने अगले ओवर में मिचेल को बोल्ड कर केकेआर को दूसरी सफलता दिलायी।

शिवम दुबे ने क्रीज पर आते ही रसेल की गेंद पर चौका जड़ हाथ खोला और फिर चक्रवर्ती की लगातार दो गेंदों को दर्शकों के पास भेजा। उन्होंने अगले ओवर में अरोड़ा के खिलाफ भी छक्का लगाकर टीम को जीत की दहलीज पर पहुंचाया लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गये। इस विकेट के गिरने के बाद मैदान में 'थाला' और (महेंद्र सिंह) 'धोनी' का नारा गूंजने लगा और चेन्नई सुपर किंग्स के इस करिश्माई खिलाड़ी ने क्रीज पर उतर कर दर्शकों को निराश नहीं किया।

उन्होंने 18वें ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद पर रन के साथ खाता खोला और फिर रुतुराज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

**चेन्नई सुपर किंग्स जीत की पटरी पर लौट आई। सीएसके ने लगातार दो मैच गंवाने के बाद केकेआर के खिलाफ 7 विकेट से बेहतरीन जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए केकेआर ने चेन्नई को 138 रन का टारगेट दिया था।**

बालाजी कन्स्ट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर–15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)
फोन– 0120– 2321857
मो0– 9811082962




# हिंदू नववर्ष पर जरूर निभाएं ये शुभ परंपराएं

गुड़ी पड़वा की शुरुआत चैत्र प्रतिप्रदा से होती है और इसी दिन से चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ भी हो जाता है। अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार इस बार नववर्ष का प्रारंभ 09 अप्रैल को हो रहा है। इसे विक्रम संवत भी कहते हैं, जो प्राचीन हिन्दू पंचांग और कैलेंडर पर आधारित है। राजा विक्रमादित्य ने खगोलविदों की मदद से इसे व्यवस्थित करके प्रचलित किया था। इसे नवसंवत्सर भी कहते हैं। आओ जानते हैं इसकी 5 शुभ परंपराएं।

### घर की सजावट

सूर्योदय से पूर्व उठकर घर की साफ सफाई करने के बाद घर को तोरण, मांडना या रंगोली आदि से सजाया जाता है। इस दिन नव संवत्सर का पूजन, नवरात्र घटस्थापना, ध्वजारोपण आदि विधि-विधान किए जाते हैं। प्रत्येक राज्य में इस पर्व को वहां की स्थानीय संस्कृति और परंपरा के अनुसार मनाते हैं।

### ध्वजा लहराना और गुड़ी लगाना

लोग प्रातः जल्दी उठकर शरीर पर तेल लगाने के बाद स्नान करते हैं। स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद मराठी समाज गुड़ी को बनाकर उसकी पूजा करके घर के द्वारा पर ऊंचे स्थान पर उसे स्थापित करते हैं, जबकि अन्य समाज के लोग धर्म ध्वजा को मकान के उपर लहराते हैं। गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना हैं। जिसमें गुड़ी का अर्थ होता हैं विजय पताका और पड़वा का मतलब होता है प्रतिपदा। इस दिन सभी हिन्दू अपने घरों पर भगवा ध्वज लहराकर उसकी पूजा करते हैं। इस कार्य को विधि पूर्वक किया जाता है जिसमें किसी भी प्रकार की गलती नहीं करना चाहिए।

### पारंपरिक व्यंजन

इस दिन श्रीखंड का सेवन करके ही दिन की शुरुआत करते हैं। इसी के साथ घर आए मेहमानों को श्रीखंड खिलाया जाता है और श्रीखंड का वितरण भी किया जाता है। ऐसा करना बहुत शुभ माना जाता है। इसी के साथ इस दिन पारंपरिक व्यंजन तैयार किए जाते हैं जैसे पूरन पोली, पुरी और मीठे चावल जिन्हें लोकप्रिय रूप से सक्कर भात कहा जाता हैं। हर प्रांत के अपने अलग व्यंजन होते हैं।

### जुलूस का आयोजन और मिलन समारोह

इस दिन जुलूस का आयोजन भी होता है। लोग लोग नए पीले परिधानों में तैयार होते हैं और एक दूसरे से मिलकर नव वर्ष की बधाई देते हैं। लोग अपने दोस्तों और परिवार के साथ उत्सव का आनंद लेते हैं और सड़क पर जुलूस का हिस्सा बनते हैं।

### अन्य परंपराएं

इस दिन कड़वे नीम का सेवन आरोग्य के लिए अच्छा माना जाता है। इस दिन कोई अच्छा कार्य किया जाता है। जैसे प्याऊ लगाना, ब्राह्मणों या गायों को भोजन कराना। इस दिन बहिखाते नए किए जाते हैं। इस दिन से दो दिन के लिए दुर्गा सप्तशति का पाठ या राम विजय प्रकरण का पाठ की शुरुआत की जाती है। इस दिन नए संकल्प लिए जाते हैं। इस दिन किसी योग्य ब्राह्मण से पंचांग का भविष्यफल सुना जाता है। इस दिन हनुमान पूजा, दुर्गा पूजा, श्रीराम, विष्णु पूजा, श्री लक्ष्मी पूजा और सूर्य पूजा विशेष तौर पर की जाती है।

## गुड़ी पड़वा के पीछे का मिथक

गुड़ी पड़वा को लेकर कई कहानियां और पौराणिक संदर्भ हैं। पवित्र हिंदू ग्रंथों में से एक, ब्रह्म पुराण में, यह उल्लेख किया गया है कि भगवान ब्रह्मा ने एक प्राकृतिक आपदा के बाद दुनिया को फिर से बनाया, जिससे सभी लोग मर गए और समय रुक गया। इस दिन, ब्रह्मा के प्रयास के बाद, समय फिर से शुरू हुआ और न्याय और सत्य का युग शुरू हुआ। इसी कारण से इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाती है। एक अन्य कहानी में कहा गया है कि भगवान राम 14 वर्ष का वनवास बिताने के बाद सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या लौटे थे। यह दिन भगवान राम की रावण पर विजय का जश्न मनाता है। इसलिए, गुड़ी या ब्रह्मा का झंडा घरों में फहराया जाता है जैसे कि राम की रावण पर जीत के बाद विजय ध्वज के रूप में इसे अयोध्या में फहराया गया था। हालाँकि, गुड़ी का एक और ऐतिहासिक महत्व है। इतिहास गवाह है कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों को हराया और राज्य के लोगों को मुगल शासन से मुक्त कराया। यह एक प्रमुख कारण है कि महाराष्ट्र के लोग इस दिन गुड़ी फहराते हैं। ऐसा माना जाता है कि झंडा किसी भी प्रकार की बुराई को घरों के परिसर में प्रवेश करने से रोकता है।



## 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्रि आरंभ

# घटस्थापना शुभ मुहूर्त पूजा विधि और नियम

**उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू होगी। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है।**

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि का विशेष महत्व होता है। एक वर्ष में कुल चार नवरात्रि आती है, पहला चैत्र नवरात्रि, दूसरा शारदीय नवरात्रि और दो गुप्त नवरात्रि। हिंदू पंचांग के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि आरंभ हो जाती है। चैत्र नवरात्रि के शुभारंभ होने के साथ ही नया हिंदू वर्ष भी आरंभ होता है। चैत्र नवरात्रि पर लगातार 9 दिनों तक मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना और मंत्रोचार किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि पर देवी दुर्गा पृथ्वी लोक आती है और अपने सभी भक्तों की हर एक मनोकामना को पूर्ण करती हैं। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व 09 अप्रैल, मंगलवार से शुरू हो रहे हैं और समापन 17 अप्रैल को राम नवमी पर होगा।

### चैत्र नवरात्रि तिथि 2024

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के त्योहार को बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि इस वर्ष 08 अप्रैल को रात 11 बजकर 50 मिनट से शुरू हो जाएगी जो अगले दिन यानी 09 अप्रैल 2024 को रात को 08 बजकर 30 मिनट पर खत्म होगी। ऐसे में उदया तिथि के आधार पर चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से शुरू हो जाएगी। इस वर्ष चैत्र नवरात्रि के पहले दिन सर्वार्थ सिद्धि और अमृत योग रहेगा। वैदिक ज्योतिष में इन योगों में पूजा बहुत ही शुभ फलदायी होती है।

### चैत्र नवरात्रि कलश स्थापना पूजा विधि

नवरात्रि पर मां दुर्गा की उपासना का विशेष महत्व होता है। नवरात्रि पर 9 दिनों तक उपवास रखा जाता है। नवरात्रि के पहले दिन सुबह घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताज़े पत्तों का तोरण लगाएं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या आसन पर स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं,जौ समृद्धि व खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। माँ की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मन्त्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र ऊँ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे से पूजा कर सकते हैं व यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। देवी को श्रृंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए ऊँ दीपो ज्योतिः परब्रह्म दीपो ज्योतिर्र जनार्दन:। दीपो हरतु में पापं पूजा दीप नमोस्तुते यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी माँ की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाएं।

## नौ दिन के 9 कार्य

### मूर्ति और कलश स्थापना

माता की मूर्ति लाकर उसे विधि विधान से घर में स्थापित किया जाता है। इसके साथ ही घर में घट या कलश स्थापना भी की जाती है। साथ ही एक दूसरे कलश में जावरे या जौ उगाए जाते हैं।

### माता का जागरण

कई लोग अपने घरों में माता का जागरण रखते हैं। खासकर पंजाब, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल आदि प्रदेशों में किसी एक खास दिन रातभर भजन-कीर्तन होते हैं। इन नौ दिनों में गरबा नृत्य का आयोजन भी होता है।

### व्रत रखना

पूरे नौ दिन व्रत रखा जाता है। इसमें अधिकतर लोग एक समय ही भोजन करते हैं। प्रतिदिन दुर्गा चालीसा, चंडी पाठ या दुर्ग सप्तशती का पाठ करते हैं।

### कन्या भोज

जब व्रत के समापन पर उद्यापन किया जाता है तब कन्या भोज कराया जाता है।

### इनकी होती है पूजा

इस नवरात्रि में नौ देवियों में शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री का पूजन विधि विधान से किया जाता है।

### नौ भोग और औषधि

शैलपुत्री कुट्टू और हरड़, ब्रह्मचारिणी दूध-दही और ब्राह्मी, चन्द्रघंटा चौलाई और चन्दुसूर, कूष्मांडा पेठा, स्कंदमाता श्यामक चावल और अलसी, कात्यायनी हरी तरकारी और मोइया, कालरात्रि कालीमिर्च, तुलसी और नागदौन, महागौरी साबूदाना तुलसी, सिद्धिदात्री आंवला और शतावरी।

### नौ दिन के प्रसाद

पहले दिन घी, दूसरे दिन शक्कर, तीसरे दिन खीर, चौथे दिन मालपुए, पांचवें दिन केला, छठे दिन शहद, सातवें दिन गुड़, आठवें दिन नारियल और नौवें दिन तिल का नैवेद्य लगाया जाता है।

### माता को अर्पित करें ये भोग

खीर, मालपुए, मीठा हलुआ, पूरणपोळी, मीठी बूंदी, घेवर, पंच फल, मिष्ठान, घी, शहद, तिल, काला चना, गुड़, कड़ी, केसर भात, साग, पूड़ी, भजिये, कद्दू या आलू की सब्जी भी बनाकर भोग लगा सकते हैं।

### हवन

कई लोगों के यहां सप्तमी, अष्टमी या नवमी के दिन व्रत का समापन होता है तब अंतिम दिन हवन किया जाता है।

### विसर्जन

अंतिम दिन के बाद अर्थात नवमी के बाद माता की प्रतिमा और जवारे का विसर्जन किया जाता है।

## कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त

इस वर्ष चैत्र नवरात्रि 09 अप्रैल से आरंभ हो रहे हैं। प्रतिपदा तिथि पर कलश स्थापना के साथ ही नवरात्रि पर्व पर देवी दुर्गा की आराधना का महापर्व शुरू होता है। नवरात्रि के पहले दिन यानी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा तिथि पर शुभ मुहूर्त को ध्यान में रखते हुए करना शुभ माना जाता है। वैदिक पंचांग की गणना के मुताबिक 09 अप्रैल को सुबह 07 बजकर 32 मिनट तक पंचक रहेगा। यानी पंचक के समाप्त के बाद घट स्थापना करना शुभ रहेगा। 09 बजकर 11 मिनट पर अशुभ चौघड़िया रहेगा इस कारण से इस समय घट स्थापना न करें। पंचांग की गणना के मुताबिक शुभ चौघड़िया 09 बजकर 12 मिनट से 10 बजकर 47 मिनट तक रहेगा। ऐसे में इस शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना कर सकते हैं। 09 अप्रैल को कलश स्थापना के लिए सबसे अच्छा मुहूर्त 11 बजकर 57 मिनट से 12 बजकर 48 मिनट तक रहेगा। क्योंकि यह अभिजीत मुहूर्त है। कलश स्थापना के लिए अभिजीत मुहूर्त सर्वश्रेष्ठ होता है। इसके अलावा इस समय वैधृत योग और अश्विनी नक्षत्र का संयोग भी रहेगा। ऐसे में घटस्थापना, पूजा का संकल्प लेना और मंत्रों का जाप करना शुभ फलदायी रहेगा।

ब्रह्म मुहूर्त- सुबह 04.31 से 05.17 तक
अभिजीत मुहूर्त- सुबह 11.57 से दोपहर 12.48 तक
विजय मुहूर्त- दोपहर 02.30 से दोपहर 03.21 तक
गोधूलि मुहूर्त- शाम 06.42 से शाम 07.05 तक
अमृत काल- रात्रि 10.38 से रात्रि 12.04 तक
निशिता काल- रात्रि 12.00 से 12.45 तक
सर्वार्थ सिद्धि योग- सुबह 07.32 से शाम 05.06 तक
अमृत सिद्धि योग- सुबह 07.32 से शाम 05.06 तक





**गुड़ी पड़वा का पर्व बेहद शुभ माना जाता है। इस साल यह 9 अप्रैल दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। यह दिन मराठी लोगों के नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इस पर्व को युगादी चेती चंड और नव संवत्सर उगादी जैसे विभिन्न नामों से जाना जाता है। इस शुभ अवसर पर महिलाएं अपने घरों को सुंदर गुड़ी से सजाती हैं जो शुभ शुरुआत को दर्शाता है।**

# क्यों खास है गुड़ी पड़वा

गुड़ी पड़वा महाराष्ट्र का एक महत्वपूर्ण पर्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार, यह चैत्र महीने के पहले दिन मनाया जाता है। यह मराठी लोगों के नव वर्ष की शुरुआत का भी प्रतीक है। इस दिन मराठी समुदाय के लोग अपने घरों के बाहर समृद्धि के प्रतीक गुड़ी को लगाते हैं और पूजा करके गुड़ी पड़वा मनाते हैं। ऐसा माना जाता है कि यह परंपरा पूरे साल खुशियां, सफलता और समृद्धि लाती है। इस साल गुड़ी पड़वा 9 अप्रैल, 2024 दिन मंगलवार को मनाया जाएगा। यह हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत 2081 और शुभ चैत्र नवरात्रि की शुरुआत के साथ भी मेल खाता है। युगादी, चेती चंड और नव संवत्सर उगादी जैसे विभिन्न नामों से जाना जाने वाला यह पर्व चैत्र प्रतिपदा उत्सव की शुरुआत का प्रतीक है।

### गुड़ी पड़वा का अर्थ

गुड़ी का मतलब है ध्वज यानी झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है। यह रबी फसलों की कटाई का प्रतीक है। ऐसा कहा जाता यही वह दिन है, जब भगवान ब्रह्मा ने ब्रह्मांड के निर्माण की शुरुआत की थी। यह दिन महाराष्ट्र में बड़ी भव्यता और दिव्यता के साथ मनाया जाता है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज से जुड़ा है गुड़ी पड़वा का पर्व

महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा का पर्व मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज की जीत के रूप में मनाया जाता है। इसे लोग विजय ध्वज के समान अपने घरों के बाहर फहराते हैं। यह पर्व हिंदू विजय और समृद्धि का प्रतीक है। क्यों खास है गुड़ी पड़वा का पर्व महिलाएं स्नान के बाद अपने घरों को सुंदर गुड़ी से सजाती हैं, जो शुभ शुरुआत को दर्शाता है। गुड़ी को पारंपरिक रूप से एक बांस की छड़ी का उपयोग करके तैयार किया जाता है, जिसके ऊपर एक उल्टा चांदी, तांबा या पीतल का बर्तन रखा जाता है। इसके बाद केसरिया रंग के कपड़े, नीम या आम के पत्तों और फूलों से सजाकर इसे घर के सबसे ऊंचे स्थान पर लगाया जाता है। इसके अलावा लोग अपने प्रवेश द्वारों को रंगीन रंगोलियों से सजाते हैं, और प्रसाद के रूप में पूरन पोली और श्रीखंड जैसे विशेष व्यंजन तैयार करते हैं।


### ध्वज के बिना अधूरा है गुड़ी पड़वा का त्योहार

हिंदी कैलेंडर के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से हिंदू नववर्ष की शुरुआत मानी जाती है। ऐसे में साल 2024 में 09 अप्रैल से हिंदू नववर्ष की शुरुआत होने जा रही है। भारत के कई राज्यों में हिंदू नववर्ष को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। मराठी में इसे गुड़ी पड़वा कहा जाता है जो एक महत्वपूर्ण त्योहार है। हिंदी कैलेंडर के अनुसार, गुड़ी पड़वा का त्योहार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि पर मनाया जाता है। इस दिन लोग नए वस्त्र धारण करते हैं और अपने घरों को सजाते हैं। इस विशेष अवसर पर भगवान विष्णु के साथ-साथ ब्रह्मा जी की भी पूजा की जाती है।

### गुड़ी पड़वा पूजा विधि

सबसे पहले गुड़ी पड़वा के दिन ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करलें। इसे बाद पूरे घर की अच्छे से साफ-सफाई करने के बाद घर के मुख्य द्वार को आम के पत्ते की तोरण लगाएं और घर को रंगोली से सजाएं। अब घर के किसी एक हिस्से में गुड़ी लगाएं और उसे फूलों से सजाएं। गुड़ी पड़वा के दिन पूरे परिवार के साथ विधि- विधान पूर्वक ब्रह्मा जी पूजा करें। तत्पश्चात गुड़ी फहराने के बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा करें।





# सिंधी समुदाय के लिए विशेष महत्व रखता है चेटी चंद

**चेटी चंड पर्व सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस पर्व से सिंधी समाज के नववर्ष की शुरुआत भी होती है। यह पर्व हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि पर मनाया जाता है।**

चैत्र के महीने को सिंधी में चेत कहा जाता है। चेती माह के दौरान चंद्रमा के पहली बार दिखाई देने के कारण इस पर्व को चेटी चंद कहा जाता है। सिंधी मान्यताओं के अनुसार, यह दिन अत्यधिक शुभ माना जाता है और इसे बहुत-ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन पर सिंधी लोग जल की पूजा करते हैं। वहीं नए उद्यम शुरू करने के लिए भी इस दिन को बहुत ही शुभ और अनुकूल माना जाता है। चलिए जानते हैं सिंधी समाज के लिए यह पर्व इतना महत्व क्यों रखता है।

चैत्र माह के प्रतिपदा तिथि 08 अप्रैल को रात्रि 11 बजकर 50 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं, इस तिथि का समापन 09 अप्रैल रात 08 बजकर 30 मिनट पर होगा। ऐसे में चेटीचंड का पर्व 09 अप्रैल, मंगलवार के दिन मनाया जाएगा। इस दौरान पूजा का शुभ मुहूर्त कुछ इस प्रकार रहेगा- चेटी चंड मुहूर्त - शाम 06 बजकर 44 मिनट से 07 बजकर 29 मिनट तक

### चेटीचंड का महत्व

सिंधी समाज के ईष्टदेव, संत झूलेलाल को वरुण देवता का ही अवतार माना जाता है। सिंधी समाज की मान्यताओं के अनुसार, सिंधियों के संरक्षक संत भगवान झूलेलाल का जन्म सद्भावना और भाईचारा बढ़ाने के लिए हुआ। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, समुरा नामक दमनकारी शासक सिंधी समाज के लोगों पर इस्लाम अपनाने का दबाव बना रहा था। तब सिंधियों ने जबरन धर्म परिवर्तन से बचाने के लिए नदी देवता से प्रार्थना की। इसके बाद वरुण देवता ने संत झूलेलाल के रूप में जन्म लेकर सिंधी लोगों को उसके अत्याचारों से मुक्त करवाया। विशेष दिन पर भगवान झूलेलाल की पूजा की जाती है और पारम्परिक नृत्य और लोक कलाओं के माध्यम से यह पर्व मनाया जाता है।

### चेटी चंद की परंपराएं

भारत को विविध धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि वाले देश के रूप में जाना जाता है और यह कई प्रकार के त्योहार मनाता है। ऐसा ही एक त्यौहार है चेटी चंद जो सिंधी समुदाय द्वारा मनाया जाता है। चेटी चंद एक विशेष त्योहार है जो सिंधियों के लिए हिंदू नव वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। चेटी चंद की तिथि चंद्र-सौर हिंदू कैलेंडर के चंद्र चक्र पर आधारित है, जो वर्ष के पहले दिन, चेत के सिंधी महीने में पड़ती है। जैसे गुड़ी पड़वा मराठियों के लिए नया साल है, वैसे ही चेटी चंद, जो उसी दिन पड़ता है, सिंधियों के लिए नए साल का दिन है। चेटी चंद को वरुण देव (जल देवता) साई उदेरोलाल के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें झूलेलाल के नाम से जाना जाता है।

### कौन हैं भगवान झूलेलाल

उसके अत्याचार से मुक्ति पाने के लिए सभी ने सिंधू नदी के किनारे लोगों ने पूजा पाठ, जप, व्रत आदि किए थे. कई दिनों तक पूजन चलता था. भक्तों की कड़ी तपस्या से प्रसन्न होकर मछली पर भगवान झूलेलाल प्रकट हुए और उन्होंने भक्तों से कहा कि वह 40 दिन बाद सिंधी समाज में जन्म लेंगे. इसके ठीक 40 दिन बाद चैत्र सुदी दूज पर उनके बताए स्थान पर एक चमत्कारी बालक ने श्रीरतनराय लोहाना के घर जन्म लिया, यही भगवान झूलेलाल कहे गए.



# मेरी एक ही दिशा है लाइफ में : टाइगर

'मेरी एक ही दिशा है लाइफ में', टाइगर श्रॉफ ने रिलेशनशिप के सवाल पर दिया बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की वजह से सुर्खियों में बने हुए हैं। टाइगर श्रॉफ की पर्सनल लाइफ पिछले कुछ वक्त से चर्चा का विषय रही है। टाइगर श्रॉफ और दिशा पाटनी काफी वक्त तक रिलेशनशिप में रहे हैं लेकिन फिर बीच में कई बार दोनों के ब्रेकअप की खबरें आईं। फिर दोनों के पैचअप को लेकर तमाम तरह की बातें सामने आईं लेकिन आधिकारिक पुष्टि ना तो टाइगर ने की, और ना ही दिशा पाटनी ने। अब एक इंटरव्यू के दौरान टाइगर श्रॉफ ने इस बारे में कुछ ऐसा कहा है जिसे इस बात का ऑफिशियल अनाउंसमेंट माना जा रहा है, कि एक्टर अब सिंगल ही हैं। बातचीत में जब टाइगर श्रॉफ से पूछा गया कि क्या आप सिंगल हैं? आपकी जिंदगी किस दिशा में जा रही है? तो जवाब में टाइगर ने कहा, "मेरी एक ही दिशा है लाइफ में। हां, और वो है मेरा काम।" टाइगर और दिशा के बारे में चर्चा शुरू हुई फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' के ट्रेलर की अनाउंसमेंट के दौरान। जब अक्षय कुमार से पूछा गया कि वो टाइगर श्रॉफ को क्या सलाह देना चाहेंगे तो उन्होंने कहा, "मैं टाइगर से यही कहूंगा कि हमेशा एक ही दिशा में रहा करो।" अक्षय कुमार का यूं टाइगर श्रॉफ के मजे लेना उन्हें ब्लश करने पर मजबूर कर गया और इसी बीच वासु भगनानी ने 'वॉर' फेम एक्टर को गले लगा लिया। बात करें टाइगर और दिशा के रिलेशनशिप की तो तोनों की डेटिंग की खबरें सामने आईं तो फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट किया गया और फिर साल 2023 में दोनों के ब्रेकअप की खबर सामने आई। दोनों में से किसी ने इस बारे में सफाई नहीं दी और फिर रणवीर अलाहबादिया के साथ इंटरव्यू में टाइगर ने कहा कि वो जिंदगी में सिर्फ एक ही बार रिलेशनशिप में रहे हैं।

# नेहा कक्कड़ के पति ने खोल दिया शादीशुदा जिंदगी के रिश्ते का सच

सिंगिंग सेंसेशन नेहा कक्कड़ आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. नेहा ने काफी स्ट्रग्ल के बाद आज म्यूजिक इंडस्ट्री में पहचान बनाई है. नेहा ने 2020 में रोहनप्रीत सिंह के साथ शादी की थी. नेहा के मिस्टर हसबैंड रोहनप्रीत भी एक सिंगर हैं. रोहनप्रीत हमेशा लो प्रोफाइल रहना पसंद करते हैं. लेकिन हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में नेहा संग अपनी शादी को लेकर कईं खुलासे किए और अपने तलाक के रूमर्स पर भी बात की. इंटरव्यू में रोहनप्रीत ने कहा, नेहा और मेरी किस्मत में एक-दूसरे का साथ होना लिखा था। हम एक म्यूजिक वीडियो के लिए मिले और धीरे-धीरे करीब आ गए. यह मेरे साथ हुई सबसे अच्छी बात है. 'मैं ब्लेस हूं.' पिछले साल नेहा और रोहप्रीत के तलाक के रूमर्स भी फैले थे. मैं अफवाहों पर ध्यान नहीं देता. अगर गॉसिपिंह फैलाने से कुछ लोगों को खुशी मिलती है, तो यह उनके लिए अच्छा है। नेहा और मैं अपने काम और अपनी लाइफ पर पूरा फोकस करके खुश हैं।





# अल्लू अर्जुन का टीजर में दिखा पुष्पा का बदला हुआ अवतार




अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की मोस्ट अवेटेड मूवी 'पुष्पा द रूल' का टीजर वीडियो आज सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। रिलीज के बाद मिनटों के भीतर यह टीजर वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। फिल्म इसी साल 15 अगस्त के दिन सिनेमाघरों रिलीज होनी है। फिल्म का टीजर वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अल्लू अर्जुन ने लिखा, "जन्मदिन पर आप सभी की शुभकामनाओं के लिए आपका शुक्रिया। दिल से सभी का आभार। प्लीज इस टीजर वीडियो को मेरा थैंक्यू समझिए।" टीजर वीडियो की शुरुआत होती है साड़ी पहने एक शख्स की एंट्री से जो कुछ लोगों की लाश के ऊपर से गुजरता है और फिर कैमरा ऊपर की तरफ जूम करता है तो फैंस को दिखाई पड़ता है अल्लू अर्जुन का बदला हुआ लुक। अल्लू अर्जुन साड़ी पहने और आभूषणों में बिलकुल अलग नजर आ रहे हैं। हवा में त्रिशूल घुमाते और कई लोगों को सिर्फ एक हुंकार से रुकने को मजबूर कर देते पुष्पा का यह नया अवतार फैंस को बहुत अपीलिंग लगा। सोशल मीडिया पर लोग अल्लू अर्जुन की फिल्म के इस टीजर वीडियो की तारीफ करते नहीं थक रहे। एक सोशल मीडिया यूजर ने इस टीजर वीडियो पर कमेंट किया, बॉक्स ऑफिस पर आग लगने वाली है। वहीं दूसरे ने लिखा, रोंगटे खड़े कर देने वाला टीजर वीडियो। एक शख्स ने लिखा, यह पुष्पा है। नाम ही काफी है। अल्लू अर्जुन के एक फैन ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया, क्या स्टाइल है सर। गजब का टीजर है। अल्लू अर्जुन के इस टीजर वीडियो में एक भी डायलॉग नहीं है।

# रिलीज से पहले मुन्ना भैया ने फैन्स को किया निराश

वेब सीरीज मिर्जापुर को दर्शकों ने बहुत प्यार दिया है। ओटीटी प्लेटफार्म पर मिर्जापुर सबसे मशहूर वेब सीरीज में से एक है। तेलुगू ऑडियंस के बीच भी मिर्जापुर को बहुत पॉपुलर है। खासकर इस वेब सीरीज के बाद मुन्ना भाई का किरदार निभाने वाले एक्टर दिव्येंदु शर्मा का फेन बेस काफी बढ़ा था। 2024 में मिर्जापुर का तीसरा सीजन आने वाला है और फैन्स अभी से बहुत उत्साहित हैं। ऐसे में एक खबर आई है, जिसके बाद फैन्स का उत्साह थोड़ा कम हो सकता है ।ताजा जानकारी के मुताबिक दिव्येंदु मिर्जापुर 3 का हिस्सा नहीं होंगे। हालिया इंटरव्यू में दिव्येंदु ने बताया कि वे मिर्जापुर 3 में नहीं दिखाई देंगे। इस खबर के बाद मुन्ना भैया के फैन्स काफी निराश हो गए हैं। दिव्येंदु ने खुद बताया कि वे इस सीजन का पार्ट क्यों नहीं हैं। उन्होंने कहा कि डार्क कैरेक्टर उनकी पर्सनैलिटी पर काफी असर डाल रहा है। दिव्येंदु ने कहा कि लोगों को किसी किरदार की गहराई में जाकर अति-रोमांटिक नहीं होना चाहिए। अभिनेता ने कहा कि मुन्ना भैया का किरदार निभाते समय उन्हें कई बार घुटन महसूस होती थी। उनके मुताबिक वो किरदार कितने डार्क हैं ये एक्टर्स उनसे बाहर आने के बाद ही समझ पाते हैं। दिव्येंदु ने कहा, कि कई बार मैं चीजों पर अलग तरह से रिएक्ट कर देता था। मेरी वाइफ मुझसे कहती थी तुम ऐसे रिएक्ट क्यों कर रहे हो।



# 'मैदान' और 'बड़े मियां छोटे मियां' की बॉक्स ऑफिस पर होगी टक्कर

इस साल की ईद फैंस के लिए शानदार होने वाली है। ईद पर इस बार फैंस के लिए डबल धमाल होने वाला है। सिनेमाघरों पर एक नहीं बल्कि दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं। एक अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां है तो दूसरी अजय देवगन की मैदान है। दोनो ही फिल्मों को लेकर लोगों के बीच बज बना हुआ है। बॉक्स ऑफिस पर दोनो ही फिल्में एक दूसरे को टक्कर देने वाली हैं। मैदान की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म के पहले दिन के कलेक्शन की बात करें तो ये शानदार कमाई करने वाली है। रिपोर्ट्स की माने तो कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। अजय देवगन की मैदान को इसमे एक्टर के साथ गजराज राव, प्रियामणि लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म को अमित रविंद्रनाथ शर्मा ने डायरेक्ट किया है।

# खतरों के खिलाड़ी 14 में जलवा दिखाएंगी निमृत कौर अहलूवालिया!

'बिग बॉस' खत्म होने के बाद दर्शकों को सबसे ज्यादा इंतजार रोहित शेट्टी होस्टेड रियलिटी स्टंट शो 'खतरों के खिलाड़ी' का रहता है। इस बार के सीजन में कौन से सेलेब्रिटी नजर आएंगे इस सवाल का जवाब हर कोई जानना चाहता है। हर कुछ वक्त में एक नया नाम सामने आ रहा है और अब इस लिस्ट में 'छोटी सरदारनी' फेम एक्ट्रेस निमृत कौर अहलूवालिया का भी नाम जुड़ गया है। मालूम हो कि निमृत रियलिटी टीवी शो 'बिग बॉस' के 16वें सीजन का भी हिस्सा रह चुकी हैं। अभी तक जिन खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं उनमें ज्यादातर सलमान खान होस्टेड रियलिटी शो का हिस्सा रह चुके हैं। खबर है कि KKK 14 की टीम का निमृत कौर अहलूवालिया के साथ डिसकशन जारी है और अगर सब कुछ ठीक रहा तो उनका शो में इस बार होना पक्का है। निमृत कौर हाल ही में एकता कपूर के प्रोजेक्ट LSD 2 से कदम पीछे खींचने के लिए चर्चा में रही थीं। रियलिटी टीवी शो बिग बॉस 16 के दौरान ऑडीशन करके एकता कपूर ने निमृत का नाम 'लव सेक्स और धोखा' के दूसरे पार्ट के लिए फाइनल किया था। शुरू में जहां निमृत इस प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड थीं, वहीं बताया जा रहा है कि इससे कदम खींचने के पीछे उनका स्क्रिप्ट को लेकर असहज होना वजह रही। बताया गया कि फिल्म में कुछ सीन ऐसे थे जिन्हें निमृत नहीं करना चाह रही थीं।



आज मना रही 76वां जन्मदिन

# जया बच्चन



आज यानी की 09 अप्रैल को बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन अपना 76वां जन्मदिन मना रही हैं। वह अपनी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए भी जानी जाती है। एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। वर्तमान समय में उनको न सिर्फ सिनेमा और राजनीतिक सफर बल्कि सोशल सर्विस के लिए भी जाना जाता है।

एक्टिंग के अलावा जया अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं। वहीं आपको जानकर हैरानी होगी कि जया बच्चन अभिनेत्री नहीं बनना चाहती थीं। बल्कि उनका सपना आर्मी में जाने का था। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर अभिनेत्री जया बच्चन के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में।

जबलपुर के एक बंगाली परिवार में 09 अप्रैल 1948 को जया बच्चन का जन्म हुआ था। उनका पूरा नाम जया भादुरी बच्चन है। जया बचपन से पढ़ाई में काफी तेज थीं। जया ने अपनी शिक्षा भोपाल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने फिल्म एंड टेलीविजन इन्स्टीट्यूट ऑफ इंडिया पुणे में एक्टिंग के गुर सीखे थे। इस दौरान उनको गोल्ड मेडल मिला था।

एक्ट्रेस के फिल्मी करियर की बात करें तो महज 15 साल की उम्र से ही जया बच्चन ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया था। अभिनेत्री पहली बार बंगाली फिल्म 'महानगर' में नजर आई थीं। इसके बाद उन्होंने बॉलीवुड का रुख किया। अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर वह जल्द की बॉलीवुड में छा गई। जया बच्चन से 'उपहार', 'अभिमान', 'सिलसिला', 'कोरा कागज', 'नौकर', 'फिजा', 'कभी खुशी कभी गम' 'हजार चौरासी की मां' और 'कल हो ना हो' जैसी एवरग्रीन फिल्मों में काम किया। वहीं फिल्म सिलसिला में अभिनेत्री ने अपने पति और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ स्क्रीन शेयर की। जिसके बाद अमिताभ और जया ने कई फिल्मों में एक साथ काम किया था।

अभिनय के अलावा जया बच्चन का राजनीतिक सफर का काफी अच्छा रहा। साल 2004 में जया ने समाजवादी पार्टी के जरिए राजनीति में एंट्री की। तब से अब तक वह कई बार राज्यसभा सांसद बन चुकी हैं। इसके अलावा जया बच्चन अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं। वह किसी भी मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं।

**आज यानी की 09 अप्रैल को बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री जया बच्चन अपना 76वां जन्मदिन मना रही हैं। वह अपनी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए भी जानी जाती है। एक्ट्रेस ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है।**



# सियासी दलों को बताई आचार संहिता की बारीकियां, दिये सख्त निर्देश

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु आज प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित करने के उपरांत समस्त प्रेषक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा की उपस्थिति में प्रत्याशियों के साथ



महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें आदर्श आचार संहिता, प्रत्याशियों द्वारा किए गए चुनावी व्यय का लेखा-जोखा एवं सुविधा, सी-विजिल ऐप के संबंध में प्रत्याशियों को विस्तृत जानकारी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के संबंध में सभी प्रत्याशियों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कोई दल या अभ्यर्थी ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा, जिससे भिन्न जातियों और धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच विद्यमान मतभेद अधिक गंभीर हो सकते हैं या परस्पर नफरत हो सकती है या तनाव पैदा हो सकता है। यदि राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए तो यह उनकी नीतियों और कार्यक्रमों, गत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखी जाएगी, मत प्राप्त करने के लिए जाति, संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और पूजा के अन्य स्थलों को निर्वाचन प्रचार के मंच के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा। सभी दल और अभ्यर्थी ऐसी सभी गतिविधियों से ईमानदारी से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण एवं अपराध है। कोई भी राजनीतिक दल या अभ्यर्थी अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने आदि की अनुमति नहीं देगा। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को सभाएं, जुलूस, मतदान दिवस की गतिविधियों को लेकर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। साथ ही बताया कि मतदान बूथ पर मतदाताओं को छोड़कर ऐसा कोई व्यक्ति मतदान बूथ के भीतर प्रवेश नहीं करेगा, जिसके पास निर्वाचन आयोग का कोई मान्य पास नहीं है। उन्होंने बताया भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रेक्षकों को नियुक्त किया जाता है, यदि अभ्यर्थियों या उनके अभिकर्ताओं को निर्वाचन के संचालन के संबंध में कोई विशेष शिकायत या समस्या होती है तो उसे प्रेक्षक के ध्यान में ला सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से अभ्यर्थियों द्वारा व्यय रजिस्टर में चुनावी व्यय के लेखा-जोखा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सभी व्यय का लेखा-जोखा रजिस्टर में अंकन करना अनिवार्य होगा। व्यय रजिस्टर की जांच के लिए तीन तिथियां 12, 18 एवं 24 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई हैं। इसमें सभी प्रत्याशियों को अपने व्यय पंजिका व लेखा जोखा प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रत्याशियों को अलग से बैंक अकाउंट खुलवाना अनिवार्य है, जिसके माध्यम से ही प्रत्याशी निर्वाचन का व्यय करेंगे। रैली, सभा, जुलूस व नुक्कड़ निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत ही करेंगे और सभी प्रकार के व्यय अनिवार्य रूप से खर्चे में सम्मिलित किए जाएंगे। साथ ही बताया कि व्यय रजिस्टर में किस प्रकार से अपने खर्चों का लेखा-जोखा रखना है। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी लेखा निरीक्षण की तिथियों में उपस्थित नहीं होता है, तो उनको किसी भी रैली या सभा की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदाताओं को प्रलोभन देना भी अपराध की श्रेणी में आता है, इसीलिए सभी अभ्यर्थी यह ध्यान में रखें कि किसी भी मतदाता को प्रलोभन न दिया जाए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने पावर प्रजेंटेशन के माध्यम से बैठक में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों को सुविधा ऐप एवं सी-विजिल ऐप के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि आप किस प्रकार से सुविधा ऐप से रैली व सभा की अनुमति एवं सी-विजिल एप पर अपने शिकायत या सुझाव दर्ज कर सकते हैं।

इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक सिमरनदीप सिंह, पुलिस प्रेक्षक शंकर चौधरी एवं व्यय प्रेक्षक सृष्टि चौधरी व राजराजेश्वरी ने बैठक में उपस्थित सभी अभ्यर्थियों से कहा कि आप सभी लोग लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार की गई गाइडलाइन का बहुत ही गहनता के साथ अध्ययन कर लें और उसी के अनुरूप अपने चुनावी कार्यों को संपन्न करें। उन्होंने कहा कि किसी भी दशा में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन ना हो इस पर सभी अभ्यर्थी गण अपना विशेष ध्यान रखें।

इस बैठक में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण एवं प्रत्याशी, एडिशनल पुलिस कमिश्नर मुख्यालय बबलू कुमार, जॉइंट पुलिस कमिश्नर शिवहरी मीणा, डीसीपी राम बदन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान, अपर जिलाधिकारी (एल.ए.) बच्चू सिंह, डिप्टी कलेक्टर चारुल यादव, अनुज नेहरा, सभी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर एवं नोडल ऑफीसर्स उपस्थित रहे।

## ‘चुनावी दंगल में 15 प्रत्याशी ठोकेंगे ताल’

### किसी ने भी वापस नहीं लिया नामांकन, चुनाव चिन्ह आवंटित

**नोएडा (चेतना मंच)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत 13-गौतम बुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र के लिए नाम वापसी की तिथि 08 अप्रैल, 2024 को किसी भी प्रत्याशी के द्वारा अपना नामांकन वापस नहीं लिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने 13-गौतमबुद्धनगर संसदीय क्षेत्र के सभी 15 प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किये। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ महेंद्र नागर को साइकिल, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी डॉ महेश शर्मा को ‘कमल’, बसपा के प्रत्याशी राजेंद्र सिंह सोलंकी को ‘हाथी’, नेशनल पार्टी के प्रत्याशी किशोर सिंह को ‘भाला फेंक’, भारतीय राष्ट्रीय जनसत्ता पार्टी के प्रत्याशी नरेश नौटियाल को ‘बैटरी टॉर्च’, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी) के प्रत्याशी नारावेदश्वर को ‘अलमारी’, वीरों के वीर इंडियन पार्टी के प्रत्याशी भीम प्रकाश जिज्ञासु को ‘हीरा’, अखिल भारतीय परिवार पार्टी के प्रत्याशी मनीष कुमार द्विवेदी को ‘केतली’, सुपर पावर इंडिया पार्टी के प्रत्याशी रण सिंह डुडी को ‘दूरबीन’, जय हिंद नेशनल पार्टी के प्रत्याशी राजीव मिश्रा को ‘बांसुरी’, लोकतांत्रिक जनशक्ति पार्टी की प्रत्याशी कुमारी शालू को ‘त्रिभुज’, निर्दलीय प्रत्याशी पराग कौशिक को ‘सीटी’, निर्दलीय प्रत्याशी महकार सिंह को ‘बाल्टी’ निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद मुमताज आलम को ‘कंप्यूटर’ तथा निर्दलीय प्रत्याशी शिवम आशुतोष को ‘गुब्बारे’ का चुनाव चिन्ह आवंटित किया गया।

## चुनाव में शराब तस्करी रोकने के लिए अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की टीम के द्वारा जनपद में



निरंतर स्तर पर अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए प्रवर्तन अभियान संचालित किये जा रहे हैं।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत दिवस देर रात्रि आबकारी विभाग की टीम के द्वारा जनपद में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कालिंदी कुंज आबकारी चेक पोस्ट एवं जेवर टोल पर वाहनों की चेकिंग की गई। उन्होंने बताया कि आगे भी आबकारी विभाग की टीम के द्वारा इसी प्रकार से अभियान चलाकर वाहनों व संदिग्ध स्थलों की चेकिंग की जाएगी, ताकि जनपद में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री पर अंकुश लगाया जा सके।

## राजपूत किस दल के प्रत्याशी को वोट देगा, इसका फैसला 14 को महापंचायत में



**नोएडा ( चेतना मंच )।** गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र में राजपूत समाज चुनाव में किस दल के प्रत्याशी को समर्थन करेगा, इसका फैसला 14 अप्रैल को होने वाली समाज की महापंचायत में लिया जाएगा।

इसको लेकर सेक्टर-62 स्थित पृथ्वीराज चौहान भवन में राजपूत समाज की बैठक हुई। बैठक में करणी सेना के कई पदाधिकारियों के अलावा समाज के सैकड़ों गणमान्य लोग भी मौजूद थे।

बैठक में समाज ने मिलकर एक तरफा वोट करने का निश्चय किया और आने वाली 14 अप्रैल दिन रविवार को क्षत्रिय महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है जिसमे समस्त राजपूत बड़ा फैसला लेकर सरकार को अपनी ताकत का एहसास कराएगा।

बैठक में जुगराज चौहान, प्रताप चौहान, किसान नेता सुधीर चौहान, मुक्ता सिंह, सुरेंद्र प्रधान, पी एस भाटी, पी एस सोलंकी, मास्टर राजेंद्र चौहान, अनिल चौहान, धीरज ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष करणी सेना, जिला अध्यक्ष करणी सेना, संग्राम सिंह, संजीव चौहान, सोनू सिंह, सावन सिंह, विपिन सिंह, सुधीर चौहान, सूरज परिहार, सुभाष चौहान ,परवीन चौहान, संतोष, कुलदीप सिंह राणा, अरुण चौहन, विजय राणा, वनीत राणा, सत्यपाल चौहान, मास्टर वीर सिंह चौहान, बलवीर चौहान, सावन सिंह, रोहतास चौहान झटटा, फिरे चौहान, नरेश चौहान, प्रिंस राजपूत ,राजवीर चौहान, महेंद्र चौहान, ठाकुर लाल सिंह ,उमेश चौहान ,उधम चौहान, लोकेश चौहान समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## ‘व्यापारियों को मिले 1 करोड़ का दुर्घटना बीमा’

### उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने की सरकार से मांग



**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारियों के लिए दुर्घटना बीमा देने तथा राशि बढ़ाने समेत कई मांगें की हैं।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने कहाकि GST में पंजीकृत व्यापारी के लिए सरकार द्वारा मृत्यु के अलावा दुर्घटना बीमा का भी प्रबंध होना चाहिए। मृत्यु बीमा 10, लाख से बढ़कर एक करोड़ रुपया का होना चाहिए। छोटे व्यापारियों के लिए GST में सरलीकरण भी आवश्यक है।

प्रवीन गर्ग प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आए दिन माल ढोने वाले ठेलों को ज़बरदस्ती बंद कर रही है। इस पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। व्यापारी वित्तीय अर्थव्यवस्था का सैनिक है। यदि सरकार व्यापारी की सुरक्षा करेगी तो देश की सुरक्षा होगी।

सौरव सिंघल प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने कहा कि सरकार द्वारा तत्काल प्रभाव से बच्चों की पढ़ाई लिखाई की सामग्री पर टैक्स को ख़त्म करना चाहिए। देश तभी आगे बढ़ेगा जब हमारे बच्चों में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा।

नवनीत गुप्ता चेयरमैन उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने कहा कि परम्परागत बजार को ख़त्म करते हुए ऑनलाइन व्यापार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। जिससे छोटा व्यापारी दिन प्रतिदिन ख़त्म होता जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद हम उम्मीद करते हैं सरकार ऑनलाइन व्यापार पर पाबंदी लगाएगी या कड़े से कड़े नियम लगाएगी।

निखिल अग्रवाल प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल ने बताया कि सरकार को लोकसभा चुनाव के बाद एकल बिंदु GST पर विचार करना चाहिए। क्योंकि हमारे देश में अलग-अलग क़ानून होने से व्यापारियों को दिक्कत होती है। छोटे व्यापारी समझ ही नहीं पाते हैं कि हम कितना टैक्स अदा करना है। GST ज़्यादा पेचीदा होने के कारण छोटे व्यापारी इससे घबराते हैं।

## स्कूली बच्चों को मतदान के प्रति किया जागरूक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज





कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य जनपद में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये गये ताकि अधिक से अधिक मतदातागण जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

स्वीप कार्यक्रम के तहत स्वीप टीम द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा में बच्चों को मताधिकार की महत्ता के संबंध में बताया गया व समस्त अध्यापक, छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई गयी। आयोजित स्वीप कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहित भी किया गया कि अपने विद्यालय, परिवार, पड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। स्वीप कार्यक्रम में दिल्ली पब्लिक स्कूल ग्रेटर नोएडा के समस्त स्टाफ व स्वीप टीम से अर्चना शिरोमणि, इंदु गुर्जर, धीरज कुमारी, ममता शर्मा व बबीता उपस्थित रहे।

स्वीप सदस्यों द्वारा कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथ किसान आदर्श इंटर कॉलेज दनकौर में समस्त शिक्षक व बच्चों को मतदान के महत्व को बताते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही मतदाताओं को मतदाता की शपथ भी दिलाई गई। स्वीप कार्यक्रम को सफल बनाने में किसान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मनोज नागर व समस्त स्टाफ ने पूर्ण सहयोग दिया। स्वीप कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह स्वीप टीम जेवर से शबनम अधाना और दिशा चौधरी की सहभागिता रही।



## बैंक में चलाया मतदाता जागरूक अभियान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भारत निर्वाचन आयोग एवं जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देशों के क्रम में स्वीप कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह व सहायक प्रभारी अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह एवं उनकी टीम द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य जनपद में वृहद स्तर पर मतदाता जागरूकता अभियान संचालित किये गये ताकि अधिक से अधिक मतदातागण जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर मोहित गर्ग द्वारा आज केनरा बैंक जेवर में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को वोट देने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर केनरा बैंक मैनेजर मेधावी एवं स्टाफ द्वारा मतदान के महत्व को समझते हुए बैंक में आये सभी लोगो को 26 अप्रैल 2024 को वोट देने के लिए प्रेरित किया।